
वर्ष : 18 अंक: 132 ग्वालियर • शुक्रवार 13 जून 2025 • पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रु.



दैनिक
मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित
# चम्बल सुर्खी
उत्कृष्ट एवं सफल प्रकाशन के 37 वर्ष
निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का प्रवक्ता

आज का तापमान
अधिकतम 43 डिग्री
न्यूनतम 32 डिग्री

## अहमदाबाद विमान हादसे में बचा एक यात्री, अस्पताल में चल रहा इलाज; 241 की मौत

अहमदाबाद (ए.)।

अहमदाबाद में गुरुवार दोपहर एअर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन क्रैश हो गया। इसमें 12 क्रू मेंबर समेत 242 लोग सवार थे। अब तक हादसे में केवल दो लोगों के बचने की बात आई है। बाकी सभी लोगों की मौत हो गई है। न्यूज एजेंसी ANI ने पुलिस कमिश्नर के हवाले से जानकारी दी कि प्लेन की सीट नंबर 11-A पर बैठे हुए भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक रमेश विश्वास कुमार हादसे में जिंदा बच गए हैं। उनका वीडियो भी सामने आया है। वहीं एक और जिंदा बचा यात्री अस्पताल में भर्ती है। इससे पहले AP ने कहा था कि विमान में सवार सभी लोगों की मौत हो गई है।







### एअर इंडिया की फ्लाइट लंदन जा रही थी; पूर्व CM रूपाणी का भी निधन

एअर इंडिया की उड़ान संख्या AI-171 अहमदाबाद से लंदन जा रही थी। इसमें 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक समेत कुल 230 यात्री सवार थे। 103 पुरुष, 114 महिलाएं, 11 बच्चे और 2 नवजात शामिल हैं। बाकी 12 क्रू मेंबर्स थे। हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का भी निधन हो गया है। भाजपा के राज्यसभा सांसद परिमल नाथवानी ने ॠ पर यह जानकारी दी। हालांकि कुछ देर बाद उन्होंने अपनी पोस्ट डिलीट कर दी।

प्लेन जिस बिल्डिंग से टकराया, वहां अहमदाबाद के सिविल हॉस्पिटल के डॉक्टर्स रहते हैं। जानकारी के मुताबिक हादसे के समय इमारत में 50 से 60 डॉक्टर मौजूद थे, इनमें 15 से ज्यादा घायल हो गए हैं। हादसे की जगह से मिले ज्यादातर शव इतनी बुरी तरह झुलस चुके हैं कि उनकी पहचान करने में बेहद मुश्किल आ रही है। उनकी पहचान DNA टेस्ट के बाद ही संभव होगी।

#### 2020 में एअर इंडिया एक्सप्रेस प्लेन क्रैश हुआ था, 21 की मौत

केरल के कोझिकोड में 7 अगस्त 2020 को एअर इंडिया एक्सप्रेस का विमान रनवे से फिसलकर क्रैश हो गया था। इसमें 21 यात्रियों की मौत हुई थी, जबकि 110 लोग घायल हुए थे। इसमें कोरोना के दौरान वंदे भारत मिशन के तहत दुबई से भारतीयों को लाया जा रहा था।

#### DNA टेस्ट के बाद होगी पहचान

इस विमान में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी भी सवार थे। विमान में 242 पैसेंजर सवार थे। इनमें 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक था। हादसे की जगह से अब तक 100 शव मिलने की खबर है। ज्यादातर शव इतनी बुरी तरह झुलस चुके हैं कि उनकी पहचान करने में बेहद मुश्किल आ रही है। उनकी पहचान DNA टेस्ट के बाद ही संभव होगी।

#### डीएनए सैंपल देने की व्यवस्था

स्वास्थ्य प्रमुख सचिव धनंजय द्विवेदी के अनुसार अहमदाबाद सिविल अस्पताल ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मृतकों के परिजनों की पहचान के लिए उनके डीएनए सैंपल लेने की व्यवस्था की है। अहमदाबाद सिविल अस्पताल के कसोटी भवन में डीएनए सैंपल देने की व्यवस्था की गई है।

अहमदाबाद विमान दुर्घटना के बाद अस्पताल प्रशासन ने अहमदाबाद सिविल अस्पताल ट्रॉमा (आपातकालीन) केंद्र में मरीज-उन्मुख उपचार से संबंधित जानकारी के लिए संपर्क करने के लिए दो फोन नंबरों की घोषणा की है।

## देश में राजस्थान का श्रीगंगानगर सबसे गर्म, पारा 48°C:क्कबिहार में लू से 5 की मौत

नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ (ए.)।



देश में बुधवार को राजस्थान का श्रीगंगानगर सबसे गर्म शहर रहा। यहां सीजन का सबसे ज्यादा 48एष्ट तापमान रिकॉर्ड हुआ। 6 साल पहले 2019 में शहर का तापमान 49एष्ट दर्ज किया गया था। मौसम विभाग ने राजस्थान के 13 जिलों में आज भीषण गर्मी की चेतावनी दी है।

बिहार के शिवहर में बुधवार को घर की मरम्मत कर रहे एक युवक की लू लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान रवि राम (30 साल) के रूप में हुई है। मौसम विभाग ने आज राज्य के सभी जिलों में हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। तापमान भी 1-2 डिग्री बढ़ सकता है।

यूपी के अधिकतर जिलों में तापमान 40एष्ट के पार है। बीते 24 घंटे में लू (हीटस्ट्रोक) से 4 लोगों की मौत हुई है। आज भी प्रदेश के कई जिलों में हीटवेव की चेतावनी है। मध्य प्रदेश में गुरुवार को लगातार छठे दिन भीषण गर्मी का असर रहेगा। ग्वालियर, चंबल-सागर संभाग के 12 जिलों में लू चलने की संभावना है।

इधर, दिल्ली में पारा 45एष्ट पहुंचने के कारण रेड अलर्ट है। बुधवार को दिल्ली का आया नगर 45.0एष्ट के साथ सबसे गर्म रहा। मौसम विभाग ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश में गर्मी का अलर्ट जारी किया है।

## CJI बोले- कोर्ट की सतर्कता ज्यूडिशियल टेररिज्म में न बदले

### कई ऐसे मौके होते हैं जहां न्यायपालिका को नहीं घुसना चाहिए, वहां सीमा लांघ जाते हैं

नई दिल्ली (ए.)।



चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (CJI) जस्टिस बीआर गवई ने कहा कि ज्यूडिशियल रिव्यू (न्यायिक समीक्षा) की शक्ति का इस्तेमाल संयम से करना चाहिए। ऐसा तभी हो, जब कोई कानून संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करता हो। एक लीगल न्यूज पोर्टल के सवाल का जवाब देते हुए जस्टिस गवई ने कहा कि कई बार आप (कोर्ट) सीमाओं को पार करने की कोशिश करते हैं और वहां घुसने की कोशिश करते हैं, जहां आमतौर पर न्यायपालिका को प्रवेश नहीं करना चाहिए। जस्टिस गवई ने आगे कहा कि ज्यूडिशियल अलर्टनेस जरूरी है, लेकिन इसे ज्यूडिशियल टेररिज्म में नहीं बदलना चाहिए। जस्टिस बीआर गवई ने ऑक्सफोर्ड यूनियन में फ्रॉम रिप्रेजेन्टेशन टु रियलाइजेशन एम्बॉडिइंग द कॉन्स्टिटूशन्स प्रॉमिस सब्जेक्ट पर बोलते हुए कहा कि जब विधायिका और कार्यपालिका नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने में असफल रहती हैं, तब न्यायपालिका को हस्तक्षेप करना पड़ता है। लेकिन इस हस्तक्षेप की सीमा और मर्यादा होनी चाहिए।

### फडणवीस और राज ठाकरे की डेढ़ घंटे मुलाकात हुई

## शिवसेना यूबीटी-मनसे गठबंधन पर लग सकता है ब्रेक; उद्धव बोले थे- जनता जो चाहेगी, वो होगा

मुंबई (ए.)।



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे से मुलाकात की। ये मीटिंग मुंबई के ताज लैंड्स एंड होटल में करीब डेढ़ घंटे तक चली। यह कार्यक्रम CM फडणवीस के शेड्यूल में शामिल नहीं था।

अचानक हुई इस मीटिंग के बाद राजनीतिक गलियारे में चर्चा है कि पिछले दिनों शिवसेना और मनसे (यूबीटी) के बीच गठबंधन की जो संभावनाएं थीं, उन पर फिलहाल विराम लग सकता है। हालांकि महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और बीजेपी नेता नितेश राणे ने कहा, ये मुलाकात राजनीतिक नहीं हैं। देवेंद्र जी के हर व्यक्ति के साथ अच्छे संबंध हैं। दरअसल, शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने 6 जून को अपने चचेरे भाई राज ठाकरे के साथ गठबंधन के संकेत दिए थे। उद्धव ने कहा था कि महाराष्ट्र की जनता जो चाहेगी, वही होगा। राज ठाकरे ने 2006 में शिवसेना से अलग होकर मनसे बनाई थी। महाराष्ट्र में इस साल सितंबर तक निकाय चुनावों होने की संभावना है। 2024 के विधानसभा चुनावों में शिवसेना (यूबीटी) और मनसे के खराब प्रदर्शन के चलते दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन की चर्चा तेज है। 2024 के चुनावों में उद्धव की पार्टी को जहां सिर्फ 20 सीटें मिलीं थीं। वहीं, मनसे का खाता तक नहीं खुला था।

## प. बंगाल में दुकान खोलने को लेकर दो समुदाय भिड़े: 5 घायल




### 9 उपद्रवी गिरफ्तार; भाजपा नेता का दावा- मंदिर भी तोड़ा गया

कोलकाता (ए.)।

पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के रवींद्रनगर इलाके में बुधवार को दो समुदायों के बीच दुकान खोलने को लेकर हिंसक झड़प हो गई। उपद्रवियों ने पुलिस थाने के बाहर पथराव किया, टायर जलाए और एक बाइक को आग के हवाले कर दिया। अब तक 29 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। घटना में 5 लोग घायल हो गए। वहीं, 1 महिला पुलिसकर्मी सहित कई पुलिसवाले भी घायल हुए हैं। स्थिति संभालने के लिए कोलकाता पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स तैनात की।

पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) सुवेंदु अधिकारी और राज्य के अन्य भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि रवींद्र नगर पुलिस स्टेशन के पास मेटियाब्रुज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत महेशतला के वार्ड नंबर 7 में एक शिव मंदिर में तोड़फोड़ की गई। शुभेंदु ने इंस्पेक्टर को निलंबित करने की मांग की विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने कोलकाता पुलिस मुख्यालय के बाहर धरना दिया और केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग की। उन्होंने राज्यपाल डॉ. सी.वी. आनंद बोस से रवींद्रनगर थाने के इंस्पेक्टर मुकुल मिया को निलंबित कर उनकी भूमिका की जांच करने की मांग भी की है।

## कार्बन टैक्स पर भारत की दो टूक, EU से जवाबी कार्रवाई की चेतावनी

स्टॉकहोम।

वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि यूरोपीय यूनियन (ईयू) अगर कार्बन बार्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म (सीबैम) के तहत भारतीय



वस्तुओं पर टैक्स लगाता है तो भारत भी उनकी वस्तुओं पर इस प्रकार के टैक्स लगा सकता है या अन्य जवाबी कार्रवाई कर सकता है। यूरोपीय यूनियन की तरफ से ऐसा करना ठीक नहीं होगा और यह एकतरफा फैसला होगा। उन्होंने कहा कि इस साल ईयू के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) करने का लक्ष्य है, लेकिन हो सकता है बहुत जल्द भारत व ईयू के बीच एफटीए हो जाए। दोनों पक्षों के बीच वार्ता काफी आगे जा चुकी है और दोनों देशों ने एफटीए के बीच एक-दूसरे के संवेदनशील आइटम को दूर रखने का फैसला किया है। गोयल ने कहा कि वर्ष 2015 में विकसित देशों ने कहा था कि कार्बन उत्सर्जन को कम करने में वे विकासशील देशों की आर्थिक मदद करेंगे, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।

## राजा की हत्या का मास्टरमाइंड राज कुशवाह सोनम की शादी के 11 दिन पहले प्लान किया मर्डर

### वारदात के बाद 14 दिन इंदौर में रही सोनम

इंदौर



इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या का मास्टरमाइंड सोनम का प्रेमी राज कुशवाह है। उसने राजा और सोनम की शादी के 11 दिन पहले मर्डर का प्लान बना लिया था। यह खुलासा मेघालय पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने किया है। शिलॉन्ग एसपी विवेक स्येम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि तीन आरोपी विशाल चौहान, आकाश राजपूत और आनंद कुर्मी 19 मई को ही शिलॉन्ग पहुंच गए थे। राजा की हत्या के बाद सोनम 25 मई को इंदौर पहुंची। यहां वह 7 जून तक रही। इसके बाद राज के साथ ही गाजीपुर गई। बता दें कि 11 मई को शादी के बाद 21 मई को राजा-सोनम शिलॉन्ग पहुंचे थे। 23 मई को परिवार से आखिरी बात हुई थी। 2 जून को राजा का शव मिला था। 17 दिन से गायब सोनम 9 जून को गाजीपुर में मिली थी। इसके बाद ही हत्याकांड का खुलासा हुआ था।

## अहमदाबाद प्लेन क्रैश-राजस्थान के 11 लोगों की मौत

उदयपुर (ए.)।



अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश हादसे में राजस्थान के 11 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में प्रदेश के 6 परिवार के लोग शामिल है, इनमें 5 बांसवाड़ा, 4 उदयपुर, एक-एक बालोतरा और बीकानेर के रहने वाले हैं। बांसवाड़ा की डॉ. कोनी व्यास, उनके पति डॉक्टर प्रदीप जोशी, बच्चे प्रद्युत जोशी, मिराया जोशी और नकुल जोशी की भी विमान क्रैश में मौत हो गई। उदयपुर के पेसिफिक हॉस्पिटल उमरड़ा के प्रबंधन ने बताया कि डॉ. कोनी व्यास ने एक महीने पहले यहां से जॉब छोड़ दी थी। वे उनके पति के साथ ही रहने के लिए लंदन जा रही थी, इसलिए उन्होंने इस्तीफा दिया।

## देश में कोरोना के एक्टिव केस 7154 पार, 77 मौत

### एक हफ्ते में 30 लोगों की जान गई; गुजरात में सर्दी-खांसी होने पर क्वारंटीन होने की सलाह

नई दिल्ली/मुंबई/बेंगलुरु (ए.)।




तिरुवनंतपुरम देश में कोरोना वायरस का नया वैरिएंट तेजी से फैल रहा है। 30 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में एक्टिव केसों की संख्या 7154 पहुंच गई है। एक हफ्ते से औसतन हर दिन 400 नए केस सामने आए। हालांकि, बुधवार को केवल 33 केस दर्ज हुए हैं। केरल में सबसे ज्यादा 2165 मामले हैं।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, बीते एक हफ्ते में कोरोना से 30 लोगों की जान गई है। नए वैरिएंट से अब तक 77 मौतें हुई हैं। बुधवार को 3 लोगों ने जान गंवाई। महाराष्ट्र में 2, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल में 1-1 मरीज की मौत हुई है। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 21 मौतें हुई हैं। गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री रुशिकेश पटेल ने बुधवार को कहा कि सर्दी-खांसी और गले में दर्द होने पर खुद को क्वारंटीन कर लेना चाहिए। सार्वजनिक स्थानों पर जाने से बचें। राज्य में बढ़ते मामलों के बीच राज्य सरकार केंद्र से संपर्क में है। PM मोदी से मिलने के लिए कोविड टेस्ट अनिवार्य देश में कोरोनावायरस के केसों और मौतों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इसी को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने वाले सभी मंत्रियों के लिए RT-PCR टेस्ट कराना अनिवार्य कर दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स में सरकारी सूत्रों के हवाले से यह जानकारी सामने आई है। भारत में मिले कोविड-19 के 4 नए वैरिएंट भारत के कई राज्यों में कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी के बीच देश में चार नए वैरिएंट मिले हैं। ICMR के डायरेक्टर डॉ. राजीव बहल ने बताया कि दक्षिण और पश्चिम भारत से जिन वैरिएंट की सीक्वेंसिंग की गई है, वे LF.7, XFG , JN.1 और NB.1.8.1 सीरीज के हैं।

# संपादकीय

## तथ्यों को दबाना संभव नहीं

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को सिंगापुर में जो कहा है वह सबकी आंखें खोल देने वाला है। इससे साबित होता है कि जब दो देशों के बीच छिटपुट सैन्य संघर्ष की स्थिति हो तो ऐसे में असत्य अवधारणाओं और समर्थक मीडिया के सहारे ही बढ़त नहीं ली जा सकती। तथ्यों को दबाना संभव नहीं होता और वे किसी न किसी रास्ते बाहर आ ही जाते हैं। 'ब्लूमबर्ग टीवी' को दिये एक साक्षात्कार में जनरल चौहान ने पड़ोसी देश के साथ चार दिन तक चले सैन्य संघर्ष में साफ ब्योरा न देते हुए भारतीय पक्ष को हुए नुकसान की एक तरह से स्पष्ट स्वीकारोक्ति की है। उनका कहना था विमान गिरे यह महत्त्वपूर्ण नहीं है, क्यों गिरे यह जानना जरूरी है। प्रारंभिक नुकसान के कारणों का पता लगाने के बाद भारत ने अपनी रणनीति में सुधार किया, लंबी दूरी का लक्ष्य कर अपने सभी लड़ाकू विमान उड़ाए और पाकिस्तान में काफी अंदर तक सटीक हमले किए जिससे पाक संघर्ष विराम की गुहार लगाने पर मजबूर हुआ। हालांकि उन्होंने छह भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराने के पाकिस्तान के दावे को 'सरासर गलत' बताया। जनरल चौहान की टिप्पणी से वायुसेना के वायु संचालन महानिदेशक, एयर मार्शल ए के भारती की उस बात को भी बल मिला कि 'नुकसान लड़ाई का एक हिस्सा है।' भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में छह मई की देर रात 'ऑपरेशनसिंदूर के तहत ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल जैसी लंबी दूरी की मिसाइल का इस्तेमाल करके पाकिस्तान के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में आतंकियों के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया। हमले के बाद चार दिन तक सैन्य टकराव हुआ। दोनों देशों के बीच दस मई को सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनी। इस सारे मामले में विपक्ष और देशवासियों को सही तथ्यों से अनभिज्ञ रखने की केंद्र सरकार की नीति सवालों के घेरे में है। अमेरिका के बड़बोले राष्ट्रपति के भारत-पाक में सीजफायर कराने के दावों ने पहले हास्यास्पद स्थिति पैदा की हुई है। वायु सेना प्रमुख की हाल में रक्षा उपकरणों को लेकर किए गए वादों को समय से पूरा न करने संबंधी टिप्पणी भी चिंताजनक है। सीडीएस की टिप्पणी के बाद कांग्रेस पार्टी ने सरकार से कहा है कि वह देश को सच-सच बताए कि पाकिस्तान के साथ चार दिन तक सैन्य टकराव में कितना नुकसान हुआ। पार्टी ने 1999 में करगिल समीक्षा समिति के गठन की तर्ज पर समीक्षा समिति का सवाल उठाया है। रक्षा विशेषज्ञ 'उपयुक्त युद्ध सामग्री नहीं होने के कारण' सैन्य संघर्ष की पहली रात नुकसान होने की बात कह रहे हैं। सब कुछ बहुत उलझा हुआ और चिंताजनक है।

# शब्दों की शास्त्रीय यात्रा "शब्दिका"

(विवेक रंजन श्रीवास्तव-विनायक फीचर्स)



हिंदी के काव्यशास्त्र के अनुसार कविता की मूल्यवत्ता ध्वनि, रस, अलंकार, वक्रोक्ति, औचित्य आदि तत्वों में निहित होती है, जबकि पश्चिमी आलोचना उसे भाव, संरचना, प्रतीकात्मकता, भाषा की प्रामाणिकता से आँकती है। डॉ. संजीव की रचनाएँ इन दोनों परिप्रेक्ष्यों के संतुलन का उदाहरण प्रस्तुत करती हैं। उनकी कविताएं न तो मात्र भाववाचक हैं और न ही बौद्धिक चातुर्य का प्रदर्शन, बल्कि अनुभव, संवेदना और सामाजिक बोध का बहुआयामी संगम हैं। काव्य और कविता के मूलभूत तत्व संग्रह की सभी कविताओं में समान रूप से मुखरित दिखते हैं।

"हम शब्द हैं", यह कविता शब्दों की अस्मिता की खोज है। शब्द न केवल संप्रेषण के माध्यम हैं, बल्कि वे स्वयं भी अर्थ की तलाश में भटकते हैं।

"हम शब्द हैंजो खोज रहे हैं अपना भविष्य... "

यहाँ संजीव कुमार शब्द का मानवीकरण (personification) करते है। यह प्रतीकात्मक कविता है, जो साहित्यिक सृजन-प्रक्रिया को शब्दों की दृष्टि से देखने का प्रयास करती है। कविता आत्मचिंतनात्मक है तथा आत्मकथात्मक प्रतीकों में ढली हुई है। विषयवस्तु (Content & Themes) की दृष्टि से रचनाएं उद्देश्य पूर्ण हैं ।

"खुशनुमा दुनिया " यह कविता इंद्रिय बोधात्मक सौंदर्य की अभिव्यक्ति है। यहाँ गंध और अनुभूति का सामंजस्य शब्दों में मिलता है।

"सोचने की कोई सीमा नहीं होती "

यह कविता ध्वनि, रस और अनुभूति का सुंदर समन्वय है। 'खुशनुमा' नवोन्मेष शब्द-सृजन की दृष्टि से उल्लेखनीय प्रयोग है।

"घर की गली " यह कविता स्थान विशेष के माध्यम से सामाजिक विषमताओं और घटनाओं को बयां करती है। यह प्रसंगबद्ध यथार्थवाद (Conte&tual Realism) है। कवि बालक, चोर, महिला, और गली जैसे प्रतीकों का सहारा लेकर नग्न यथार्थ को चित्रित किया गया है।

"अनुशासन " यह कविता शिक्षा-दर्शन और सामाजिक मूल्य-परिवर्तन की पड़ताल करती है।

"बच्चों की ज़िन्दगी कितनी अच्छी होती है उन्हें नहीं पता कि अनुशासन क्या है "

इस कविता में विरोधाभास (Parado&) का सौंदर्य है, अनुशासन, जो सकारात्मक मूल्य है, उसे बच्चों की मासूम स्वतंत्रता के सापेक्ष रखकर गंभीर विचार प्रस्तुत किया गया है। शिल्प (Form & Craft) की चर्चा की जाए तो डॉ. संजीव की कविता का शिल्प सधा हुआ और नियंत्रित है। वे छंदमुक्त काव्य के माध्यम से आधुनिकता को आत्मसात करते हैं, परंतु उनके शिल्प में काव्यात्मक संतुलन की झलक बनी रहती है। पंक्तियाँ छोटी हैं, किंतु उनमें अर्थ की गहराई है। ध्वनि-सौंदर्य है,प्रतीक और बिंब की शक्ति से कविता प्रभावशाली बनती है।संवेदना और विषय की संगति स्पष्ट है । कोई पंक्ति अनावश्यक नहीं लगती।

कविताओं की भाषा शैली (Language and Style) में संजीव कुमार का अध्ययन तथा अनुभव एक साथ परिलक्षित होता है। वे कविता में अपनी भाषा सरल, व्यावहारिक, और संवादात्मक बनाए रखते है , यही उनकी विशेषता है। कविता में कहीं कृत्रिमता नहीं होती , बल्कि वे पूरी प्रामाणिकता से लिखते है। कवि अपने पाठक से प्रत्यक्ष वार्तालाप करता है, जिससे संप्रेषण में आत्मीयता बनती है।

अलंकार एवं काव्य-सौंदर्य (Aesthetic Devices) की विवेचना भी आवश्यक है। प्रमुख अलंकारों का प्रयोग दक्षता पूर्वक मिलता है। "हम शब्द हैं" पूरे शीर्षक में ही रूपक है। "शब्द खोज रहे हैं भविष्य" में शब्दों को मानवीय व्यवहार देकर उनका सक्षम मानवीकरण किया गया है, किताब का शीर्षक ही शब्दिका रखा गया है। "अनुशासन से आज़ादी" का मूल्यांकन करें तो विरोधाभास की ताकत का उपयोग आकर्षक है। "घर की गली" में दृश्यात्मक चित्रण परिलक्षित होता है। अलंकारों की योजना संयमित है । जो प्रभाव छोड़ती है। कविताओं में रस और संवेदना का स्तर ( Emotional Appeal) कवि की लेखकीय क्षमता बताता है। करुण रस 'घर की गली' में नारी की पीड़ा, शांत रस 'खुशनुमा दुनिया' में जीवन की कोमल अनुभूति।श्रृंगार और वात्सल्य रस 'अनुशासन' में बालक के प्रति सहज प्रेम के भाव दृष्टि गोचर होते हैं , जो पाठक को काव्य गत आनंद प्रदान करते हैं। रसनिष्पत्ति के लिए कवि भाव को लय से अधिक महत्वपूर्ण मानता है । यह आधुनिक काव्य की प्रवृत्ति है। विषय वैविध्य उच्च काव्य-संवेदना, भाषा शैली, स्पष्ट, सहजप्रतीकात्मकता, प्रभावशाली प्रेरक, स्थायी प्रभाव अंकित करने वाली काव्यशास्त्रीय कसौटी पर संतुलित एवं सुसंगत रचनाएं काव्य संग्रह शाब्दिका को संग्रहणीय बनाती हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर को लेकर देश के दो परस्पर विरोधी दृश्य

अवधेश कुमार

हमारे सामने 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर देश के दो परस्पर विरोधी दृश्य हैं। विदेश गए सर्वदलीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडल ने इस तरह भारत का पक्ष प्रस्तुत किया जैसे देश पाकिस्तान केंद्रित सीमा पार आतंकवाद, जम्मू-कश्मीर तथा 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर पूरी तरह एकजुट है और कोई विपक्ष है ही नहीं। दूसरी ओर आप पहलगाम हमले से लेकर 'ऑपरेशन सिंदूर' और उसके बाद देश के अंदर विपक्ष की भूमिका देखिए, किसी भी देशभक्त और सच्चाई का ज्ञान रखने वाले निष्पक्ष व्यक्ति का दिल दहल जाएगा या फिर उसको गुस्सा आएगा। ऐसा कोई दिन नहीं जब विपक्ष के बड़े नेता 'ऑपरेशन सिंदूर' पर मोदी सरकार को घेरने की कोशिश नहीं कर रहे। लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पहले दिन से प्रश्न उठा रहे हैं कि हमारे कितने लड़ाकू विमान को नुकसान हुआ। लगभग यही स्वर कांग्रेस के अध्यक्ष एवं राज्य सभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे का है। जयराम रमेश ने तो लगता है जैसे 'ऑपरेशन सिंदूर' को ही अपने सोशल मीडिया का मुख्य विषय बना दिया है। सबसे अंतिम हमला सिंगापुर शंग्रीला सम्मेलन में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान के भाषण और ब्लूमबर्ग को दिए साक्षात्कार पर है। सभी नेता एक साथ टूट पड़े हैं कि अब सरकार बताए कि कितने राफेल नष्ट हुए, इस पर संसद का विशेष सत्र बुलाएं तथा रिव्यू कमेटी यानी पुनरीक्षण समिति बनाया जाए। इसमें यहां विस्तार से जाने की आवश्यकता नहीं है। सीडीएस का पूरा इंटरव्यू सबके सामने है। उसमें कहीं नहीं है कि पाकिस्तान ने हमारे कितने लड़ाकू विमान गिराए या हमें कोई बड़ी क्षति हुई। यह सामान्य बात है कि कोई भी युद्ध या लड़ाई एकपक्षीय क्षति वाली नहीं होती। यही सीडीएस ने कहा है। किसी को ज्यादा क्षति होगी किसी को कम। मूल बात यह है कि भारत ने पाकिस्तान के सैन्य दुस्साहस का ऐसा करारा प्रत्युत्तर दिया, जिससे उसकी हुई व्यापक क्षति के बारे में दुनिया के विशेषज्ञ बता रहे हैं और उनसे संबंधित उपग्रह के चित्र आदि सामने ले जा चुके हैं। कई बार लगता है कि हम सरकार को घेर रहे हैं सेना और देश को नहीं। किंतु इसका दूसरा पहलू यही है कि सरकार निर्णय करती है क्रियान्वित सेना करती है। सेना सरकार के लिए नहीं देश के लिए सैन्य कार्रवाई करती है। 'ऑपरेशन सिंदूर' में सरकार ने यह तय नहीं किया होगा कि सेना कैसे कार्रवाई करे कि हथियार, लड़ाकू विमान, मिसाइल, राडार आदि का प्रयोग करें या कितने जवान उनमें लगें। जिस तरह पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री सीडीएस, तीनों सेना के प्रमुखों से लेकर विदेश मंत्री, उनसे जुड़े मंत्रालय, रक्षा मंत्री, मंत्रालयों के अधिकारी एवं अन्य अलग-अलग आवश्यक क्षेत्र के शीर्ष लोगों से मिल रहे थे उससे साफ था की रणनीति पर गहराई से विचार हो रहा है। निश्चित रूप से सैन्य रणनीतिकारों ने अपनी पूरी स्थिति से अवगत कराते हुए उन्हें आस्त किया होगा या फिर उनकी जो आवश्यकता होगी उसके बारे में बात की होगी। सरकार यानी राजनीतिक नेतृत्व की भूमिका साहसपूर्वक निर्णय करने के साथ सेना को कार्रवाई और रणनीति की संपूर्ण स्वतंत्रता देना तथा अपने व्यवहार एवं कदमों से आस्त करना कि कार्रवाई में किसी तरह की आवश्यकता में कमी नहीं होगी। कहने का तात्पर्य कि पाकिस्तान की सैन्य प्रतिक्रियाओं का उत्तर हमारी सेना दे रही थी। यह भी सच है कि टकराव शुरू होने के बाद विदेश के प्रमुख नेताओं ने राजनीतिक नेतृत्व से ही संपर्क किया होगा।

## शब्द सामर्थ्य -077

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | ■ | ■ | 3 | ■ | ■ | ■ |
| 4 | | ■ | 5 | | | 6 | ■ | 7 |
| ■ | 8 | | | ■ | 9 | | | |
| 10 | ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ | |
| 11 | | | | ■ | 12 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | 13 | | ■ | 14 | |
| 16 | 17 | | ■ | 18 | | | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | ■ | ■ | 20 |
| 21 | | ■ | | ■ | ■ | 22 | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 076 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | ■ | स्वा | द | ■ | स | ब | ब |
| जा | ■ | सु | हा | ना | ■ | ■ | ली | द |
| ब | हु | धा | ■ | द | ल | ना | ■ | ल |
| ■ | ■ | क | मा | न | ■ | ग | ह | ना |
| भं | व | र | ■ | ■ | ■ | वा | म | ■ |
| गी | त | ■ | म | ज | बू | र | ■ | ट |
| ■ | न | म | स्का | र | ■ | ■ | ■ | र |
| ■ | ■ | र्या | ■ | ■ | बी | ■ | ना | का |
| सं | वि | दा | ■ | ब | स | च | ल | ना |

## सू- दोकू क्र.077

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र076का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |

# राशिफल

**मेष** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज आपको अपने खर्चे पर नियंत्रण रखना चाहिए। किसी भी फैसले में जल्दबाजी करने से आपको बचना चाहिए। इस राशि के जो लोग लेखक हैं, उनकी किसी कविता को ज्यादा से ज्यादा लोग पसंद करेंगे, आपको किसी संस्था के द्वारा सम्मानित भी किया जा सकता है। आज माता-पिता का आशीर्वाद आपको मंजिल तक पहुंचाने में मदद करेगा। आपको किसी काम में दोस्तों से सहयता मिलेगी। बच्चे आपसे अपनी कोई बात शेयर कर सकते हैं, आपको उनकी बात ध्यान से सुननी चाहिए। लक्ष्मी माता की कृपा से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**वृषभ** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप परिवार वालों के साथ टाईम स्पेंड करेंगे , घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। आप किसी काम को नये सिरे से शुरू करने के बारे में विचार कर सकते हैं। आज आप अपनी दिनचर्या में बदलाव करेंगे। आज आपके कार्य समय से पूरे होते चले जायेंगे। लवमेट आज अपने रिश्ते को और मजबूत बनाने के लिए एक ङ्क दूसरे की भावनाओं का सम्मान करेंगें। लंबे समय से फंसा हुआ धन आज आपको वापस मिल सकता है।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आप कार्यस्थल पर कुछ बदलाव कर सकते हैं, इससे आपको फायदा होगा। आज आपका रुझान आध्यात्म की तरफ हो सकता है। परिवार में सब कुछ अच्छा बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको बढ़ोत्तरी के नये अवसर प्राप्त होंगे। जो लोग स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। आपको मनचाही जगह पर ट्रांसफर का ऑफर मिल सकता है। आपकी रूचि सामाजिक कार्यों में रहेगी, आप किसी संस्था से भी जुड़ेंगे।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहेगा। आज आपका नजदीकी मित्र आपसे मिलने आ सकता है, आप उनसे अपनी कुछ निजी बातें शेयर कर सकते हैं, मन हल्का होगा। परिवार की उलझनों को सुलझाने में आज किसी रिश्तेदार की मदद मिल सकती है। छात्रों के लिए दिन ठीक है, पढ़ाई में आ रही बाधाएं किसी की मदद से दूर हो सकती हैं। आपको नतीजों की ज्यादा फिक्र ना करके अपने काम पर ध्यान देने की जरूरत है। मां लक्ष्मी का आशीर्वाद आपको प्राप्त होगा।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप जो भी काम हाथ में लेंगे, वो पूरा हो जायेगा, साथ ही अन्य कामों की गति बनी रहेगी। इस राशि के जो लोग अविवाहित हैं, उनके विवाह की बात फाइनल हो जाएगी। अगर आप स्टूडेंट हैं और किसी विषय के लिये ट्यूशन क्लासेज लेना चाहते हैं, तो आज से शुरू कर सकते हैं। आज ऑफिस की किसी मीटिंग में आपको जाना पड़ेगा और आप अपनी बात सबको समझाने में सफल होंगे।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज लोग आपकी बातों पर पूरा ध्यान देंगे, यात्रा की योजना बन सकती है। पैसों की कुछ उलझी हुई स्थितियों का समाधान आज निकल जायेगा। आज आपके आस-पास के लोग आपके व्यवहार की तारीफ करेंगे। आज आप कोई महत्वपूर्ण काम समय से पहले निपटा लेंगे, सीनिअर आपके काम की तारीफ करेंगे। आज आप अपनी बात दूसरों को समझने में बहुत हद तक सफल होंगे। शाम को जीवनसाथी के साथ आनंददायक समय बीतेगा।

**तुला** आज का दिन बदलाव से भरा रहेगा। आज का दिन जीवन में अहम मोड़ लाएगा, जिससे कुछ बदलाव होना संभव है। आपको अपने करियर का कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है, ध्यान रहे जो भी करें, सोच-समझ कर करें। अगर आप नौकरी कर रहे हैं, तो अचानक से आपको किसी काम के लिये बाहर भेजा जा सकता है। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है उनको किसी प्रतियोगी परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त होंगे।

**वृश्चिक** आज का दिन जीवन में किसी नयी खुशी का संकेत लायेगा। आज जीवनसाथी आपको एक बड़ी खुशखबरी देंगे, परिवार के बाकी लोग भी काफी खुश नजर आयेंगे। रिश्तों और काम के बीच तालमेल बना रहेगा। इस राशि के मैनेजर पोस्ट के लोग अपने काम को अच्छे से संभालेंगे। आज आपके व्यापार की गति बढ़ेगी और इनकम बढ़ाने के मौके भी मिलेंगे। आई.आई.टी या किसी भी टैक्नीकल परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को आज गुरुजनों का विशेष सहयोग मिलेगा।

**धनु** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज ऑफिस में आपको सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा जिससे आपका काम समय पर पूरा होगा। आपके सकारात्मक विचार किसी व्यक्ति को प्रभावित कर सकते हैं। आपकी मदद दूसरों के लिये फायदेमंद रहेगी। स्टूडेंट्स पढ़ाई को लेकर कुछ बदलाव कर सकते हैं। अपने कठिन विषयों को समझने के लिये किसी की मदद लेंगे। घर के किसी काम में जीवनसाथी की मदद मिलेगी। आज किसी प्रोजेक्ट को पूरा करने में किसी अनुभवी व्यक्ति का साथ मिलेगा।

**मकर** आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज किसी काम में माता- पिता की सलाह फायदेमंद साबित होगी। इस राशि के स्पोर्ट्स से जुड़े लोग किसी नई एक्टिविटी में भाग ले सकते हैं। आज आप अपने करियर के बारे में सोच-विचार करेंगे। आपके धन-संपत्ति में बढ़ोतरी होने की संभावना है। सेहत के मामले में आप खुद को ऊर्जावान महसूस करेंगे। जो लोग होटल या रेस्टोरेंट जैसे बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिये आज का दिन पहले से थोड़ा बेहतर रहेगा।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आज ऑफिस में आपको कोई ऐसा काम दिया जायेगा, जिसे आप आसानी से पूरा कर लेंगे। आज आपसे किसी मामले में एक्सपर्ट के तौर पर सलाह ली जा सकती है। आपका वैवाहिक जीवन बेहतर बना रहेगा। इस राशि के बिजनेसमैन को काम में कुछ नए अनुभव मिलेंगे एवं काम भी बेहतर ढंग से चलेगा। जो लोग अपने बिजनेस को शिफ्ट करना चाहते हैं या कोई दूसरी ब्रांच खोलना चाहते हैं, वो आज इसकी प्लॉनिंग कर सकते हैं।

**मीन** आज का दिन यात्रा में बीत सकता है। ये यात्रा ऑफिस के किसी काम से रिलेटेड हो सकती है। आज आप कुछ मस्ती के मूड में रहेंगे, इससे आपका मन खुश रहेगा। इस राशि के बच्चे किसी ड्राइंग कॉम्पिटिशन में भाग ले सकते हैं। किसी पुराने दोस्त से मुलाकात होने की संभावना है। रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ नयापन आ सकता है। घर के ज्यादातर कार्य पूरा करने में सफल होंगे। छात्रों को आज का दिन सफलता दिलाने वाला साबित होगा।

# नेपाल में फलता फूलता नौजवान लड़कियों की चमड़ी बेचने का कारोबार

(सुभाष आनंद -विनायक फीचर्स)



अभी-अभी नेपाल भ्रमण के दौरान मुझे कुछ अनोखी चीजें देखने को मिली यहां वक्ष और लिंग का आकार बढ़ाने के लिए अपने चमड़ी बेचने का धंधा बड़ी तेजी से फल-फूल रहा है। नेपाली औरतों को पैसे के लालच में फंसा कर सैक्स के धंधे में सक्रिय लोग उन्हें लालच देकर चमड़ी खरीदते हैं और बाद में लिंग का आकार बढ़ाने और वक्षों का आकार बड़ा करने के लिए आपरेशनों द्वारा चमड़ी का प्रयोग किया जाता है। विदेशी एजेंट इस धंधे में ज्यादा सक्रिय नजर आते हैं। एक विदेशी वेबसाइट नेपाल बीम स्किन व्यापार में कहा गया है कि नेपाली महिलाएं मात्र 10,000 रुपये के लिए 20 वर्ग इंच चमड़ी ग्लोबल सर्जरी मार्केट में बेच रही हैं, विदेशी एजेंट घरों-घरों में यह ऑफर गरीब महिलाओं को दे रहे है। अत~ महिलाएं यह धंधा हर्ष से स्वीकार कर रही हैं। चमड़ी उतारने के बाद ट्रीटमेंट पर जो खर्च आता है वह एजेंट ही देते हैं।

नेपाल में महिलाओं की चमड़ी के धंधे को लेकर नेपाल सरकार स्वयं बड़ी चिंतित है और उन्होंने इस व्यापार को रोकने के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। कहा जा रहा है कि इस कारोबार में लगे एजेटों को कड़ी सजा दी जाएगी लेकिन अभी तक नेपाल सरकार ने इसे रोकने के लिए कोई कानून नहीं बनाया है। भारत के बड़े-बड़े शहरों जैसे दिल्ली, कलकत्ता, मुंबई इत्यादि में जिन महिलाओं के वक्ष छोटे है वह अपने वक्षों का साईज बड़ा करने के लिए इस चमड़ी को वक्षों पर चढ़ाकर बढ़ा बना रही हैं ताकि वह नए लुक में अच्छी और आकर्षक लग सके, वहीं मर्द जिनके लिंग का साईज कम है वह भी आर्टीफिशियल चमड़ी आप्रेशन द्वारा चढ़ाकर लिंग के साईज को लम्बा और मोटा कर रहे हैं इस प्रक्रिया के लिए लोग लाखों रुपए खर्च कर रहे हैं।

चमड़ी रोग विशेषज्ञों का कहना है कि एक आप्रेशन की फीस एक लाख से डेढ़ लाख ली जाती है। त्वचा का यह आपरेशन अवैध माना जाता है परंतु बड़े-बड़े हस्पतालों में चोरी-छुपे हो रहे हैं। मीडिया में ऐसी बहुत सी रिपोर्ट आई है कि इस गरीब पर्वतीय देश से महिलाओं को मानव तस्करों के द्वारा दूसरे देशों में मजदूरी करने या यौन शोषण के लिए यहां तक कि गुर्दा प्रत्यारोषण के लिए भी लाया जाता है लेकिन चमड़ी के लिए मानव तस्करी की बात पहली बार सामने आई है।

नेपाल की लड़कियों को नौकरी का झांसा देकर पहले उन्हें बाहर ले जाया जाता है फिर उन्हें वेश्यावृत्ति के धंधे में धकेल दिया जाता है, जब उनके वक्ष बड़े हो जाते हैं तो फिर चमड़ी का सौदा करके बड़े हुए वक्षों को सर्जरी के द्वारा कम कर दिया जाता है और इनकी चमड़ी अन्य महिलाओं के वक्ष में ट्रांसप्लांट कर दी जाती है। कुछ नेपाली महिलाओं ने आरोप लगाया है कि जिन जगहों पर वह जिस्म फरोशी का धंधा करते हैं वहां के दलाल उन्हें



नशे की दवाएं देकर उनकी चमड़ी को रातों रात चुरा लेते है ऐसी चुराई चमड़ी को पैथालाजी प्रयोगशालाओं में बड़ी-बड़ी रकमें लेकर बेचा जाता है। जो इसका ट्रांसप्लांट आगे करती है। अब विदेशों में भी यह प्रचलन बढ़ता जा रहा है।

अमेरिका, जर्मनी, डैनमार्क, इटली की कई कम्पनियां प्लास्टिक सर्जरी के लिए इस चमड़ी का प्रयोग करती हैं अमेरिका और जर्मनी की कई कम्पनियां इस चमड़ी से कई प्रकार के महंगे उत्पाद तैयार कर रही है कॉसमैटिक सर्जरी के लिए यह चमड़ी काफी महंगे भावों में बेची जाती है। यह चमड़ी बहुत मुलायम और चमकदार होती है।

हमने इस सच्चाई को जानने की कोशिश की तो हमने पाया कि 30-35 वर्ष की कई नौजवान नेपाली महिलाओं ने अपने ब्रेस्ट की सर्जरी करवा रखी है। जिसके कारण उनके वक्षों का साइज बहुत छोटा सा रह गया है। जब हम पहाड़ों से नीचे उतर रहे थे तो कई महिलाओं ने हमें दर्द भरी कहानी सुनाई जिसे सुनकर हम हैरान हो गए, 42 वर्षीय डिगोड़ा का कहना है कि पिछड़े क्षेत्रों मे जनजागृति अभियान चलाना चाहिए और सरकार को इस समस्या को गंभीरता से लेना चाहिए। यहां महिलाएं लगातार मानव तस्करी के धंधे में फंस रही हैं। जब डाक्टरों से पूछा गया कि आर्टीफिशिल वक्षो पर मांस लगाकर सर्जरी की जाती है तो क्या सैक्स के समय मजा बढ़ जाता है तो डाक्टरों का कहना था कि चमड़ी के द्वारा वक्षों को बड़ा करने से चमड़ी के सैल पुन~ जीवित हो जाते हैं और सामान्य की भांति काम करना शुरू कर देते हैं।

वैसे ही मर्दों के लिंग में भी शक्ति का नया प्रवाह मिलता है और काम वासना पहले से बढ़ जाती है। डाक्टरों का कहना है कि यह एक परफैक्ट सर्जरी है। पश्चिमी बंगाल और पूर्वी बंगाल (बांग्लादेश) में भी यह व्यापार हो रहा है। वहां आसानी से जवान लड़कियों की सप्लाई हो रही है। अब भारत सरकार ने इसे मानव अंगों की तस्करी में शामिल कर लिया है जिसके कारण यहां यह कारोबार यहां कम होता है। चमड़ी की तस्करी को लेकर कुछ बुद्धिजीवी संगठन भी मैदान में उतर आए हैं जो तस्करी में लगे लोगों पर अपनी पैनी नजर रख रहे हैं। मलिन बस्तियों में लोगों को जागृत किया जा रहा है और राज्यों की पुलिस भी इस मामले को लेकर काफी सक्रिय होती दिखाई दे रही है।

# घरों में नल कनेक्शन का लक्ष्य 15 अगस्त तक पूरा करें : प्रमुख सचिव




**रीवा,कासं.।** लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के प्रमुख सचिव श्री पी नरहरि ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से रीवा तथा शहडोल संभाग में एकल नलजल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। प्रमुख सचिव ने कहा कि सभी एकल नलजल योजनाएं एक माह में पूरी कराकर उन्हें ग्राम पंचायतों को हैण्डओवर कराएं। नलजल योजनाओं से घरों में नल कनेक्शन का शत-प्रतिशत लक्ष्य 15 अगस्त तक पूरा करें। इसके लिए कार्यपालन यंत्री मंथवार लक्ष्यपूर्ति की कार्ययोजना बनाकर उसके अनुरूप समस्त कार्यवाहियाँ करें। सभी कलेक्टर नलजल योजनाओं की प्रगति तथा नल कनेक्शन की हर सप्ताह समीक्षा करें। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नलजल योजनाओं का कार्य पूरा कराने और घरों में नल कनेक्शन के लिए ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा तथा अन्य विभागों के उपयंत्री तैनात करें। इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तय समय सीमा में पूरा कराएं। बैठक में प्रमुख सचिव ने कहा कि शहडोल और रीवा जिलों में घरों में नल कनेक्शन की सर्वाधिक संख्या शेष है। संबंधित कार्यपालन यंत्री इसके लिए विशेष प्रयास करें। निर्माण एजेंसियों के आवश्यक होने पर तत्काल टेण्डर जारी करें। निर्माण एजेंसियों के पास सामग्री की उपलब्धता तथा संसाधनों का भी आकलन कर लें। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि संभाग के सभी जिलों में घरों में कार्यशील नल कनेक्शन तय समय सीमा में पूरे कर दिए जाएंगे। कार्य की प्रगति की मैं स्वयं हर सप्ताह समीक्षा करूंगा। लापरवाही बरतने वाले संविदाकारों और अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अधीक्षण यंत्री महेन्द्र सिंह, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, कार्यपालन यंत्री रीवा और मऊगंज संजय पाण्डेय, कार्यपालन यंत्री डीएल कनेल तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# करें योग रहें निरोग के नारे के साथ निकाली रैली

### आयुष विभाग द्वारा चिन्मय सेवा आश्रम लक्ष्मणपुर में हुई कार्यशाला

**रीवा,कासं.।** विश्व योग दिवस 21 जून को आयोजित किया जाएगा। इसके प्रचार-प्रसार और योग संगम में सहभागिता बढ़ाने के लिए आयुष विभाग द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लक्ष्मणपुर में आयुष विंग से चिन्मय सेवा आश्रम तक रैली निकाली गई। रैली में करें योग रहें निरोग, हर दिन योग सुखद जीवन का संयोग और एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग के नारे लगाते हुए स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, आशा कार्यकर्ता, जेएनसीटी और टीडी नर्सिंग महाविद्यालय के विद्यार्थी और स्वंयसेवी संगठन शामिल हुए। रैली के बाद पितामह सदन चिन्मय सेवा आश्रम लक्ष्मणपुर में स्वस्थ्य यकृत और वृद्धजन स्वास्थ्य में योग की भूमिका विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता डॉ केके गौतम ने कहा कि वर्तमान समय में बदलते खान-पान और जीवनशैली के कारण समय से पहले कम उम्र में हृदयाघात, मधुमेह, कैंसर और लीवर की बीमारियां बढ़ रही हैं।

इन सब बीमारियों से बचने का उपाय यौगिक जीवनशैली और खान-पान है। नियमित योगाभ्यास न सिर्फ हमारे शरीर को स्वस्थ और सुदृढ़ बनाता है बल्कि हमारी इम्यूनिटी सिस्टम को मजबूत कर रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है।

कार्यशाला में चिन्मय सेवा आश्रम के प्रमुख ब्राम्हचारी वल्लभ चैतन्य जी ने योग को आध्यात्मिक महत्व और निरन्तर साधना का मार्ग बताया। कार्यशाला में प्रांतीय कलाकार संघ संचालक राजेश शुक्ला ने योग के प्रति दृष्टिकोण में परिवर्तन की चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारत सहित 121 देशों में योग गतिविधियां आयोजित हो रही हैं। इन गतिविधियों में बड़ी संख्या में आमजन सम्मिलित हो रहे हैं। योग सामाजिक समरसता का भी प्रतीक बना है। कार्यशाला में आभार प्रदर्शन उप सरपंच संदीप पाण्डेय एवं संचालन डॉ व्योमकेश शुक्ल ने किया।

# बहुती और त्योंथर फ्लो सिंचाई परियोजना का कार्य 31 अक्टूबर तक पूरा करें : कमिश्नर




**रीवा,कासं.।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने संभाग की प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि जल संसाधन विभाग के इंजीनियर तथा निर्माण एजेंसी मिलकर सिंचाई परियोजनाओं का कार्य समय पर पूरा कराएं। सिंचाई परियोजना के निर्माण कार्य की सभी बाधाएं समन्वय से दूर करें। भू अर्जन तथा अन्य अन्तर्विभागीय मुद्दों को हर सप्ताह आयोजित साप्ताहिक टीएल बैठक में कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करें। बहुती सिंचाई परियोजना तथा त्योंथर फ्लो परियोजना एवं त्योंथर माइक्रो सिंचाई परियोजना का कार्य 31 अक्टूबर तक हरहाल में पूरा करें जिससे किसानों को गेंहू एवं अन्य फसलों की सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो सके।

कमिश्नर ने कहा कि नहरों के निर्माण कार्य में तेजी लाएं। बारिश से पहले शेष कार्य पूरा करने का प्रयास करें। बहुती नहर में डम्प 4500 घनमीटर मिट्टी को अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के सहयोग से नहर से हटाएं। यदि किसी स्थान पर भू अर्जन के कारण किसान निर्माण कार्य में बाधा डाल रहे हैं तो उन्हें समझाइश देकर मुआवजा राशि का भुगतान कराएं। निर्माण कार्यों से आमजनता और किसानों को किसी तरह की परेशानी नहीं होना चाहिए। बहुती नहर में चार स्थानों पर सीपेज की समस्या है। इसे दूर करने के लिए सुधार का कार्य तत्काल शुरू कराएं। नईगढ़ी सिंचाई परियोजना में लगभग 20 किलोमीटर में नहर का निर्माण कार्य शेष है। इस परियोजना में 10 वर्ष से अधिक की देरी हो चुकी है। शेष कार्य 31 दिसम्बर 2025 तक पूरा कराएं। सतना जिले की रामनगर सिंचाई परियोजना में एक ट्रांसफार्मर लगाया दिया गया है। दूसरा ट्रांसफार्मर लगाकर शेष क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा दें। कमिश्नर ने कहा कि सीतापुर-हनुमना लिफ्ट सिंचाई परियोजना के मुख्य बांध के निर्माण के लिए वन विभाग तथा पर्यावरण की मंजूरी के लिए पूरा प्रयास करें। इसके लिए कंसल्टेंट एजेंसी की सेवाओं का भी उपयोग करें। बैठक में कमिश्नर ने दौरी सागर परियोजना, गोंड़ सिंचाई परियोजना, बहरी नहर प्रणाली, सेमरिया परियोजना तथा सिरमौर माइक्रो सिंचाई परियोजना की समीक्षा की। बैठक में चीफ इंजीनियर जल संसाधन एके डेहरिया ने बताया कि बहुती परियोजना का कार्य 31 अक्टूबर तक पूरा हो जाएगा। इसका लगभग 91 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। शेष में तेजी से कार्य जारी है। त्योंथर फ्लो परियोजना 15 नवम्बर त्योंथर माइक्रो परियोजना 31 अक्टूबर, लोनी माइक्रो सिंचाई परियोजना 31 दिसम्बर 2026 तथा नईगढ़ी एक एवं नईगढ़ी दो माइक्रो सिंचाई परियोजना दिसम्बर 2025 तक पूरी हो जाएगी। सीतापुर-हनुमना परियोजना में बनाए जाने वाले बांध में 268 एमसीएम पानी का स्टोरेज होगा। इस परियोजना में 89 एमसीएम पानी बाणसागर बांध से लेकर सिंचाई की जाएगी। मुख्य बांध के निर्माण से पहले ही नहर से 89 एमसीएम पानी लेकर सिंचाई की सुविधा देने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में कार्यपालन यंत्री मनोज तिवारी, कार्यपालन यंत्री बीपी मिश्रा, कार्यपालन यंत्री एसएल तिवारी सिंगरौली, कार्यपालन यंत्री अमरदीप त्रिपाठी, कार्यपालन यंत्री एके वर्मा सतना, कार्यपालन यंत्री पीके त्रिपाठी सीधी, कार्यपालन यंत्री बीके ओझा तथा अन्य संबंधित अधिकारी और निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मलेरिया से बचाव के लिए लोगों को किया जा रहा जागरूक

**रीवा,कासं.।** जिले भर में एक जून से 30 जून तक मलेरिया निरोधक माह मनाया जा रहा है। इस अवधि में जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मलेरिया से बचाव के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। इस संबंध में जिला मलेरिया अधिकारी श्रीमती स्मृता नामदेव ने बताया कि मलेरिया जागरूकता के लिए नगर निगम रीवा के वार्ड क्रमांक 29 में संजीवनी क्लीनिक, जगन्नाथ वार्ड क्रमांक 42 में आंगनवाड़ी केन्द्र, चिरहुला वार्ड क्रमांक 42 में आंगनवाड़ी केन्द्र, वार्ड क्रमांक 26 में संजीवनी क्लीनिक तथा छत्रपति नगर नई बस्ती एवं कुठुलिया के वार्ड क्रमांक 45 में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। एम्बेड परियोजना के तहत आयोजित इन कार्यक्रमों में मलेरिया से बचाव, मच्छरों से बचाव तथा मलेरिया के उपचार के संबंध में लोगों को जागरूक किया गया। मलेरिया और डेंगू की रोकथाम के लिए जिला मलेरिया कार्यालय एवं नगर निगम के कर्मचारियों की संयुक्त टीम घरों और कार्यालयों का लगातार निरीक्षण करके अनुपयोगी बर्तनों तथा घरों के आसपास मच्छर के लार्वा को नष्ट करने का कार्य कर रही है। कुठलिया वार्ड क्रमांक 45 में नई बस्ती में आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक तीन में मलेरिया निरोधक माह जून की कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जिला मलेरिया कार्यालय की शिखा द्विवेदी व एंबेड की रीजनल कोऑर्डिनेटर कंचन सिंह और पीयूष मौर्य यूथ वालंटियर द्वारा आंगनवाड़ी में उपस्थित जन समुदाय को मलेरिया के बारे में जागरूक किया गया।

# खाद के अवैध भण्डारण और परिवहन पर हुई कार्रवाई

### पुलिस ने जप्त की अवैध रूप से भण्डारित 600 बोरी डीएपी तथा 400 बैग जिप्सम खाद

**रीवा,कासं.।** खाद के अवैध भण्डारण और परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि गत दिवस थाना प्रभारी चोरहटा द्वारा वाहनों की जाँच के दौरान चोरहटा के पास ट्रक में अवैध रूप से परिवहन की जा रही खाद की बोरियाँ पकड़ी गईं। ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर अवैध खाद से भरा ट्रक जप्त कर चोरहटा थाने में खड़ा कराया गया है।

आपराधिक प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। ट्रक ड्राइवर से मिली सूचना के आधार पर इटौरा बाईपास में कृषि और पुलिस विभाग की टीम ने छापा मारा। छापे के दौरान विकास गुप्ता ट्रेडर्स दुकान से अवैध रूप से भण्डारित 600 बोरी डीएपी खाद तथा 400 बैग जिप्सम जप्त किया गया। कृषि विभाग के अधिकारियों ने सेमरिया में मनु ट्रेडर्स दुकान की भी जाँच की। दुकान में भी खाद का अवैध भण्डारण पाया गया। दुकान संचालक के चोरहटा स्थित गोदाम की भी जाँच की गई। इसमें भी अवैध रूप से भण्डारित खाद को जप्त करने की कार्रवाई की जा रही है।

## खेल/व्यापार

## संक्षिप्त समाचार

### सपाट पर खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 56 अंक ऊपर, निफ्टी 25,164 पर

**मुंबई,ए.।** कारोबारी सप्ताह के चौथे दिन शेयर बाजार सपाट पर खुला. बीएसई पर सेंसेक्स 56 अंकों की बढ़ोतरी के साथ 82,571.67 पर ओपन हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.09 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 25,164.45 पर खुला. जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयर गुरुवार को सुर्खियों में रहने की संभावना है, क्योंकि ब्लैकरॉक के साथ इसके संयुक्त उद्यम को भारत में निवेश सलाहकार परिचालन शुरू करने के लिए नियामक मंजूरी मिल गई है. अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 7 पैसे बढ़कर 85.46 पर पहुंचा. कारोबारी सप्ताह के तीसरे दिन शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ. बीएसई पर सेंसेक्स 123 अंकों की बढ़ोतरी के साथ 82,515.14 पर क्लोज हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.15 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 25,141.40 पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान सेंसेक्स पर एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स के शेयर टॉप गेनर के लिस्ट में शामिल रहे. जबकि पावर ग्रिड कॉर्प, अडाणी पोर्ट्स, मारुति सुजुकी, इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस के शेयर टॉप लूजर के लिस्ट में शामिल रहे. बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.5 फीसदी की गिरावट आई. क्षेत्रीय मोर्चे पर, एफएमसीजी, पावर, पीएसयू बैंक 0.5-1 फीसदी नीचे रहे, जबकि तेल एवं गैस, फार्मा, आईटी 0.5-1.2 फीसदी ऊपर रहे. अमेरिका और भारत और चीन जैसे प्रमुख साझेदारों के बीच व्यापार वार्ता में प्रगति के संकेतों के बीच अन्य एशियाई बाजारों में देखी गई बढ़त को दिखाते हुए, बुधवार को भारत के बेंचमार्क सूचकांक में थोड़ी बढ़त दर्ज की गई.

### 3000 रुपये से ज्यादा के यूपीआई पेमेंट पर लगेगा चार्ज?

**मुंबई,ए.।** आज पेटीएम के शेयरों में 10 फीसदी से अधिक की गिरावट आई. वित्त मंत्रालय के स्पष्टीकरण जारी किए जाने के बाद शेयरों में गिरावट दर्ज की गई. वित्त मंत्रालय की ओर से स्पष्टीकरण में कहा गया है कि यूपीआई लेनदेन पर कोई मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) नहीं लिया जाएगा. फिनटेक कंपनी के शेयर 864 रुपये पर कारोबार कर रहे थे और निफ्टी मिडकैप इंडेक्स पर टॉप लूजर के रूप में उभरे. वित्त मंत्रालय का स्पष्टीकरण उन रिपोर्टों के बाद आया है जिनमें कहा गया था कि सरकार बैंकों और भुगतान समाधान प्रोवाइडर की सहायता के लिए 3,000 रुपये और उससे अधिक मूल्य के लेनदेन पर एमडीआर लागू करने की योजना बना रही है. रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया था कि सरकार लेंडर को मर्चेंट टर्नओवर के बजाय लेनदेन मूल्य पर एमडीआर लगाने की अनुमति दे सकती है. रिपोर्ट सामने आने के बाद पेटीएम के शेयर तीन महीने के उच्चतम स्तर 978 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गए थे. एमडीआर एक शुल्क है जो बैंक वास्तविक समय में भुगतान संसाधित करने के लिए व्यापारियों से लेते हैं. इससे पहले, व्यापारियों से कार्ड भुगतान पर कुल लेनदेन मूल्य का 1 फीसदी एमडीआर शुल्क लिया जाता था. बाद में 2020 में सरकार ने देश में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए एमडीआर शुल्क माफ कर दिया।

### जनता के लिए राहत भरी खबर, सस्ता होगा खाद्य तेल, महंगाई से मिलेगी राहत!

**नई दिल्ली,ए.।** केंद्र की मोदी सरकार ने कच्चे खाद्य तेलों के दामों को लेकर बड़ा ऐलान किया. जानकारी के मुताबिक सरकार ने कच्चे सूरखमुखी, सोयाबीन और पाम ऑयल जैसे कच्चे खाद्य तेलों पर बेसिक सीमा शुल्क को 20 फीसदी से घटाकर 10 फीसदी करने को कहा है. बता दें, खाद्य मंत्रालय ने खाद्य तेल उद्योग संघों को यह आदेश देते हुए कहा कि सरकार के निर्णय के बाद आयात शुल्क में कटौती का लाभ तत्काल उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाए. खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के सचिव की अध्यक्षता में प्रमुख खाद्य तेल उद्योग संघों और उद्योग हितधारकों के साथ एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें यह आदेश दिया गया।

# स्टीव स्मिथ ने डब्ल्यूटीसी फाइनल में रचा इतिहास, तोड़ डाला 99 साल पुराना महारिकॉर्ड



**लंदन,ए.।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ का लॉर्ड्स के साथ प्रेम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में भी जारी रहा. दाएं हाथ के अनुभवी बल्लेबाज ने 99 साल पुराने महारिकॉर्ड को तोड़ते हुए क्रिकेट के घर लॉर्ड्स क्रिकेट स्टेडियम में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले विदेशी बल्लेबाज बनकर अपने नाम एक और रिकॉर्ड जोड़ लिया. उन्होंने बुधवार, 11 जून को ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच यहां खेले जा रहे डब्ल्यूटीसी फाइनल 2025 के पहले दिन यह अविश्वसनीय उपलब्धि हासिल की. स्मिथ ने 51 रन बनाते ही यह खास उपलब्धि हासिल की. उन्होंने 76 गेंदों पर 9 चौकों की मदद से अर्धशतक बनाकर ऑस्ट्रेलियाई पारी को संभाला. हालांकि, वे अंततः 66 रन बनाकर आउट हो गए, जब वे पार्ट-टाइम स्पिनर एडेन मार्कराम की गेंद पर स्लिप में खड़े मार्को जेनसन को कैच थमा बैठे. 36 वर्षीय स्मिथ ने प्रतिष्ठित लॉर्ड्स क्रिकेट स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के वॉरेन बार्डस्ले के 575 रन (115 की औसत से) को पीछे छोड़ दिया. इस प्रक्रिया में, उन्होंने वेस्टइंडीज के दिग्गज गारफील्ड सोबर्स और ऑस्ट्रेलिया के महान सर डोनाल्ड ब्रैडमैन को भी पीछे छोड़ा।

स्मिथ के खाते में अब क्रिकेट के मक्का में 2 शतक और 3 अर्धशतक के साथ 591 रन दर्ज हो गए हैं. दक्षिण अफ्रीकी पेसरों की तरह ही, ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने डब्ल्यूटीसी फाइनल के पहले दिन गेंद से भी दबदबा बनाया. ऑस्ट्रेलिया के 212 के स्कोर पर सिमटने के बाद मिचेल स्टार्क ने एडेन मार्करम और रयान रिकेल्टन को आउट करके डबल धमाका किया।

कंगारू गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पहले दिन स्टंप्स तक दक्षिण अफ्रीका का स्कोर (43/4) कर दिया. बता दें कि, यह तीसरा डब्ल्यूटीसी फाइनल है. न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया दोनों ने पिछले फाइनल में भारत को हराकर डब्ल्यूटीसी 2021 और डब्ल्यूटीसी 2023 चक्र जीते थे. दक्षिण अफ्रीका पिछले 27 वर्षों में अपना पहला आईसीसी खिताब जीतने का लक्ष्य बना रहा है, जबकि ऑस्ट्रेलिया इसका सफलतापूर्वक बचाव करना चाहेगा।

# टेस्ट क्रिकेट: इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय बल्लेबाजों की सबसे बड़ी साझेदारियां

**नईदिल्ली, ए.।** भारतीय क्रिकेट टीम और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच टेस्ट क्रिकेट की प्रतिस्पर्धा हमेशा रोमांचक रही है, जिसमें कई ऐतिहासिक साझेदारियां दर्ज की गई हैं। अब एक बार फिर दोनों टीमें आमने-सामने होंगी, जब 20 जून से 5 मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरुआत होगी। ऐसे में आइए नजर डालते हैं उन सबसे बड़ी साझेदारियों पर, जिन्हें भारतीय बल्लेबाजों ने इंग्लैंड के खिलाफ रचा है। वो क्षण जब 2 खिलाड़ियों की एकजुटता ने पूरी मैच की दिशा बदल दी थी। पहले स्थान पर गुंडप्पा विश्वनाथ और यशपाल शर्मा की यादगार जोड़ी है। साल 1982 में चेन्नई टेस्ट के दौरान दोनों ने पहली पारी में तीसरे विकेट के लिए 316 रन की ऐतिहासिक साझेदारी निभाई थी। विश्वनाथ ने 222 रन बनाए, जबकि यशपाल ने 140 रनों की शानदार पारी खेली थी। भारत ने 481/4 के स्कोर पर पारी घोषित कर दी थी। यह मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ था। यशपाल और विश्वनाथ की यह साझेदारी आज भी याद की जाती है। सूची में दूसरे स्थान पर गौतम गंभीर और राहुल द्रविड़ की जोड़ी है। साल 2008 में इंग्लैंड की टीम भारत के दौरे पर आई थी। सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच मोहाली में खेला गया था। भारत ने पहली पारी में 453 रन बनाए थे। गंभीर के बल्ले से 179 रन और द्रविड़ के बल्ले से 136 रन निकले थे। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 314 रनों की साझेदारी हुई थी। यह मुकाबला भी ड्रॉ पर समाप्त हुआ था। तीसरे स्थान पर सौरव गांगुली और सचिन तेंदुलकर की महान जोड़ी है। दोनों ने साल 1996 में नॉटिंघम टेस्ट के दौरान 255 रनों की साझेदारी निभाई थी। ये इंग्लैंड की धरती पर भारतीय बल्लेबाजों के द्वारा की गई सबसे बड़ी साझेदारी भी है। भारतीय टीम उस टेस्ट में पहले बल्लेबाजी करने उतरी थी। गांगुली (136) और तेंदुलकर (177) की पारियों के दम पर टीम ने 521 रन बना दिए थे। यह मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ था। चौथे स्थान पर भी गांगुली और सचिन की जोड़ी है। दोनों ने साल 2002 में लीड्स टेस्ट के दौरान पहली पारी में चौथे विकेट के लिए 249 रन जोड़े थे।

# किसानों के लिए बड़ी खबर! 20 जून को आएगी पीएम किसान की 20वीं किस्त

**नई दिल्ली,ए.।** केंद्र सरकार के पीएम किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) की 20वीं किस्त इसी महीने जारी किए जाने की उम्मीद है. इस साल के लिए इस योजना की दूसरी किस्त 20 जून को 9.8 करोड़ पात्र किसानों के बैंक खातों में जमा की जाएगी।

भारत सरकार और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना (पीएम-किसान) शुरू की है, जिसके तहत भारत के प्रत्येक पात्र किसान को 6,000 रुपये की वार्षिक सब्सिडी मिलेगी, जो हर चार महीने में 2,000 रुपये के तीन बराबर भुगतानों में दी जाएगी।

लेटेस्ट घोषणा में भारत सरकार ने अधिसूचित और अनिवार्य किया है कि केवल वे किसान ही पीएम-किसान सम्मान निधि योजना के लाभ के लिए पात्र होंगे जिन्होंने रजिस्ट्रेशन प्रोसस पूरी कर ली है.

20वीं किस्त प्राप्त करने के लिए किसान किसान रजिस्ट्री यूपी मोबाइल ऐप, आधिकारिक पीएम किसान वेबसाइट या किसी भी सार्वजनिक सेवा सुविधा पर जाकर रजिस्ट्रेशन प्रोसस पूरी कर सकते हैं.

पीएम-किसान पूरे भारत में गरीब किसानों के लिए एक जीवन रेखा है. पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की शुरू की गई यह योजना पात्र किसानों को प्रति वर्ष 6,000 रुपये देती है।

2019 में शुरू की गई पीएम-किसान योजना, गरीब और हाशिए पर पड़े किसानों को तीन बराबर किस्तों में प्रति वर्ष 6,000 रुपये देती है. मानसून की बुवाई के करीब होने के साथ, जून की किस्त खरीफ फसल के मौसम की तैयारी कर रहे लाखों ग्रामीण परिवारों के लिए महत्वपूर्ण है. सबसे बढ़कर, यह उस अवधि के दौरान समय पर वित्तीय सहायता भी देता है जब इनपुट लागत बढ़ जाती है।

### -रवि शास्त्री का बड़ा बयान

# कोहली को कप्तान बनाकर उनका संन्यास टाला जा सकता था




**नईदिल्ली, ए.।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री उस समय भावुक हो गए जब वह विराट कोहली के टेस्ट से संन्यास पर बात कर रहे थे। उन्होंने कोहली की कप्तानी में एक सफल दौर बिताया है और कई यादगार सीरीज जीतते हुए देखा है। उनका मानना है कि कोहली का संन्यास थोड़ा और समझदारी से संभाला जा सकता था। उन्हें कप्तान बनाकर उनके संन्यास को टाला जा सकता था।

शास्त्री ने कहा, कोहली का टेस्ट से संन्यास लेना दुख की बात है। वह एक महान खिलाड़ी हैं। जब कोई चला जाता है तभी लोग उसकी अहमियत समझते हैं। आंकड़े उनकी महानता को पूरी तरह नहीं दिखा सकते, उन्होंने खुद को टेस्ट क्रिकेट के दौरान विदेशी दौरे में जिस तरह पेश किया वो काफी महत्वपूर्ण था। लॉर्ड्स में टीम ने जैसे मैच पलटा वो लम्हा किसी सपने जैसा था और मुझे खुशी है कि मैं उस पल का हिस्सा था। शास्त्री ने कहा, मुझे दुख है कि वह जिस तरह से गए, वह बहुत अचानक हुआ। मुझे लगता है कि इस पूरे मामले को थोड़ा और अच्छे तरीके से संभाला जा सकता था, शायद उनसे ज्यादा बातचीत की जा सकती थी।

# राम मंदिर पर पूजा कर, विधानसभा अध्यक्ष के जन्मदिन पर गरीबो में फल वितरित किये, दीर्घायु की कामना...





**कैलारस।** मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष, पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्रसिंह तोमर का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व विधायक ओर नगर परिषद अध्यक्ष ने राम मंदिर पर पूजा अर्चना कर उपस्थित सभी लोगों में फल वितरित किये हैं। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओ ने विधानसभा अध्यक्ष की दीर्घायु की कामना भी की हैं। कैलारस के मयूर वन स्थित राम जानकी मंदिर पर भाजपा कार्यकर्ताओ के द्वारा विधानसभा अध्यक्ष का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुबेदरा सिंह राजौधा नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती अंजना ब्रजेश बंसल के द्वारा सर्व प्रथम राम मंदिर पर पूजा अर्चना विधि विधान के साथ की। साथ ही सैकड़ो लोगों को फल वितरित किये हैं। कैलारस में आज विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर का जन्मदिन हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक सूबेदार सिंह, नगर परिषद कैलारस की अध्यक्ष अंजना बंसल, नगर परिषद जोरा अध्यक्ष अखिल महेशवरी, भाजपा के बारिष्ठ ब्रजेश बंसल, एवं सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओ के द्वारा राम जानकी मंदिर पर पूजा की साथ ही मौके पर उपस्थित सभी लोगों में फल वितरण किये। फल वितरण के दौरान सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्त्ता मौजूद रहे है।

## मरीजों को फल वितरित कर मनाया विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर जी का जन्मदिवस

**कैलारस।** भारतीय जनता पार्टी मंडल कैलारस के कार्यकर्ताओं ने मण्डल अध्यक्ष कुलदीप सिंह भदौरिया के नेतृत्व में अस्पताल में मरीजों को फल वितरित कर माननीय विधान सभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर जी का जन्मदिवस मनाया एवं विधानसभा अध्यक्ष जी को भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दी एवम् ईश्वर से उन्ह की दीर्घायु की कामना की आप हमेशा स्वास्थ्य रहे मरीजों में फल वितरित उपरान्त माननीय विधान सभा अध्यक्ष जी के जन्मदिवस पर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए हॉस्पिटल प्रगाढ़ में पौधा रोपड़ भी किया एवं सभी कार्यकर्ताओं से अपील की पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पैड अवश्य लगाएं कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष कुलदीप सिंह भदौरिया पूर्व जिला पंचायत सदस्य बनबारी लाला शुक्ला जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा केशव पाराशर जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा रामराम सिंह सिकरवार पार्टी के वरिष्ठ नेता सुरेश शर्मा ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर सोभाराम मिश्रा मेडिकल ऑफिसर मनीषा शर्मा बीरेंद्र बसेड़िया प्रहलाद यादव पूरन शिवहरे कुंज सोनी राहुल बंसल मुकेश धाकड़ दिलीप जगा कमल यादव लालू यादव दिनेश जादौन अशलम खान बिनोद शर्मा राजवीर सिंह प्रेम सिंह कुशवाहा शकील खान अभिषेक समाधियां मयंक गर्ग सूरज बसल अजय श्रीवास्तव गिर्राज गोयलआदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में भाजपा की नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती अंजना बंसल ने कहा हमारे क्षेत्र के नेता नरेंद्र सिंह तोमर ने क्षेत्र की जनता के लिए कई सोगात दी हैं। वह हमारे लिए नेता नहीं परिवार के मुखिया ओर हमारे नेतृत्व कर्ता हैं। ईश्वर से कामना करते हैं कि उन्हें दीर्घ आयु प्रदान करें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सूबेदार सिंह सिकरवार (पूर्व विधायक जौरा) अंजना बृजेश बंसल (अध्यक्ष नगर परिषद कैलारस) अखिल महेश्वरी (अध्यक्ष नगर पालिका जौरा) अशोक राणावत, सियाराम सिंह सिकरवार, ब्रजेश बंसल, मनोज सिंह सिकरवार, रामहेत धाकड़, वीरेंद्र सोलंकी, (पार्षद 03) रविन्द्र राठौर (पार्षद 07) धारा सिंह सोनी (पार्षद 10) प्रेम सिंह कुशवाह, जीत प्रजापति, अनिल गोयल (जौरा)फकरुद्दीन खान, दिनेश जादौन, लला सिकरवार (भर्रा) राजवीर सिंह अन्ना, सौरभ बंसल, बलवीर सिंह सिकरवार,रामरूप गौड़, आदि उपस्थित रहे।

# सिविल हॉस्पिटल जोरा द्वारा जन स्वास्थ्य अभियान चलाकर लोगों को ग्लोबल फैटी लिवर दिवस पर किया जागरुक



**जौरा।** सिविल हॉस्पिटल जोरा द्वारा स्वस्थ यकृत मिशन के अंतर्गत ग्लोबल फैटी लिवर दिवस 12 जून को सभी पी एच सी , आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं सिविल हॉस्पिटल जोरा पर जन स्वास्थ्य अभियान चलाकर 30 से 65 वर्ष आयु वर्ग के सभी व्यक्तियों की फैटी लिवर से संबंधित स्क्रीनिंग कर उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया एवं संदिग्धों व्यक्तियों को चिन्हित कर जिला अस्पताल के लिए रेफर करने की कार्रवाई की गई अभियान के तहत सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर सी एच ओ ए एन एम,एम पी एस एवं आशा सहयोगिनी व आशा कार्यकर्ताओं ने लोगों को फैटी लिवर के दुष्परिणाम एवं उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर उन का बजन व कमर की नाप व अन्य जांचें कर स्क्रीनिंग की गई। इस अवसर पर डी पी एम एस पी श्रीवास्तव द्वारा सिविल अस्पताल में उपचार कराने आए हुए मरीज एवं उनके अटेंडर को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि ऐसे व्यक्ति जिनका वजन अधिक है एवं उनका लिवर फैटी लिवर है तो उन्हें अपनी जीवन शैली में बदलाव लाते हुए व्यायाम की आदत डालना चाहिए साथ ही उन्हें अपने वजन को भी कम करने हेतु कम बसा युक्त आहार लेना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर एस सेमिल ने कहा कि लोगों को अपने आहार में हरी पत्तेदार सब्जियां, फल आदि का प्रयोग करना चाहिए एवं तैलिय भोजन एवं मैदा व मीठे पेय पदार्थों की मात्रा को कम करना चाहिए साथ ही रात्रि में सोने से 3 घंटे पहले भोजन लेना चाहिए तथा जीवन शैली में व्यायाम को अपनाते हुए नशे की प्रवृत्ति को दूर करना चाहिए।

# अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर निकली जागरूकता रैली




**ग्वालियर।** बालश्रम के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट, श्रम विभाग व महिला बाल एवं विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से एक जागरूकता रैली का आयोजन इंटक मैदान से हजीरा चौराहे तक किया गया। इस रैली का शुभारंभ सहायक श्रमायुक्त श्रीमती संध्या सिंह एवं सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट के निदेशक श्री उमेश वशिष्ठ द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली में प्रतिभागियों ने ÷बाल मजदूरी बंद करो÷, ÷शिक्षा का अधिकार हर बच्चे का अधिकार÷, और ÷काम नहीं, किताबें चाहिए÷ जैसे नारों के साथ लोगों को बालश्रम के दुष्परिणामों के प्रति आमजन को जागरूक किया। हाथों में पोस्टर, बैनर और स्लोगन लिए प्रतिभागियों ने मार्च निकाला। इस अवसर पर सहायक श्रमायुक्त श्रीमती संध्या सिंह ने कहा, ÷हर बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा और एक स्वस्थ बचपन का अधिकार है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी बच्चा मजदूरी करने को मजबूर न हो।

इसके उपरांत हजीर चौराहे पर मानव श्रंखला बनाई गई व लोगों को बाल श्रम जैसी कुरुती के खिलाफ अपना सहयोग देने का अनुरोध किया। इसके उपरांत सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट के निदेशक श्री उमेश वशिष्ठ ने कहा ÷बालश्रम के खात्मे की दिशा में दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले भारत का प्रदर्शन काफी बेहतर रहा है और इसका श्रेय सरकार और जिला प्रशासन की सतर्कता और संवेदनशीलता को जाता है। उन्होंने बाल श्रम के खात्मे के लिए समग्र नीतिगत बदलावों, 18 साल तक मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा, पीड़ित बच्चों के पुनर्वास के लिए बाल मजदूर पुनर्वास कोष की स्थापना, खतरनाक उद्योगों की सूची में विस्तार, राज्यों को उनकी विशेष जरूरतों के हिसाब से नीतियां बनाने, बाल मजदूरी के खात्मे के लिए सतत विकास लक्ष्य 8.7 की समय सीमा को 2030 तक बढ़ाने, दोषियों के खिलाफ सख्त व त्वरित कानूनी कार्रवाई की मांग की।

# दर्दनाक सड़क हादसे में 15 वर्षीय किशोर ऋषिकेश की मौत

(चम्बलसुर्खी संवाददाता)



**विजयपुर।** विजयपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पार्वती बड़ौदा में गुरुवार को हुई एक हृदयविदारक सड़क दुर्घटना में 15 वर्षीय किशोर ऋषिकेश पुत्र रामचरण प्रजापति की मौत हो गई। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह एक गंभीर सड़क दुर्घटना थी, जिसमें बाइक को किसी वाहन ने टक्कर मार दी जिससे बाइकसवार ऋषिकेश को भारी चोटें आईं और उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। स्थानीय प्रशासन और पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई है।

# राजस्व अधिकारी फार्मर रजिस्ट्री को प्राथमिकता दें- कलेक्टर

## प्रत्येक तहसील में प्रतिदिन 250 फार्मर रजिस्ट्री करने की प्लानिंग करें



**मुरैना,कांस।** प्रदेश सरकार राजस्व विभाग के अंतर्गत चलाई जा रही गतिविधियों पर विशेष ध्यान दे रहे हैं जिसमें सीमांकन, पीएम किसान, फार्मर रजिस्ट्री, आधार, ईकेवायसी, हम सबके लिये प्राथमिकता है। राजस्व अधिकारी प्रतिदिन तहसीलवार 250 फार्मर रजिस्ट्री करने की प्लानिंग बनायें। ये निर्देश कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने गुरूवार को राजस्व अधिकारी की बैठक में दिये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद समस्त एसडीएम तहसीलदार नायब तहसीलदार उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने कहा कि हर वार वीसी के माध्यम से प्रमुख सचिव राजस्व विभाग की योजनाओं पर समीक्षा करते हैं। समीक्षा में मुरैना जिले की स्थिति संतोषप्रद नहीं पायी गयी है,राजस्व अधिकारी विशेषकर राजस्व संबंधित योजनाओं पर विशेष ध्यान दें।उन्होंने कहा कि तीन दिन में 15 सीमांकन का डिस्पोजल कैलारस तहसीलदार श्री विश्राम शाक्य ने दिया है। उसी प्रकार सभी लोग डिस्पोजल पर ध्यान दें तो जिले में तीन माह में लंबित 612 प्रकरणों का निराकरण हो सकता है। कलेक्टर ने कहा कि पीएम किसान और सेल्फ रजिस्ट्रेशन में मुरैना जिला अच्छे स्थान पर नहीं है,इसमें 236 प्रोग्रेस लाना हमारी प्राथमिकता है। कलेक्टर ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री जिले में बहुत कम कराई गई हैं। देखने में पाया गया है कि जौरा में 95 प्रतिशत अंबाह में 76 प्रतिशत और पोरसा में 77.8 प्रतिशत हुई हैं। इस आंकड़े को और आगे बढ़ाकर 90 प्रतिशत तक जिले में किया जाये। इस लिये प्रतिदिन प्रति तहसील 250 ईफार्मर रजिस्ट्री करने की प्लानिंग बनायें। इसके लिये पटवारियों को समक्ष में बुलायें, उनसे प्रतिदिन जानकारी लें। तभी ये आंकड़ा प्राप्त कर सकते हैं। कलेक्टर ने पीएम किसान की आधार, ईकेवायसी कराने के संबंध में समस्त राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये कि पटवारी हितग्राही से स्वयं संपर्क स्थापित करें।उन्होंने कहा कि पटवारी को स्वयं किसान से संपर्क करना होगा तभी आधार ईकेवायसी के लक्ष्य को पूर्ण किया जा सकता है। बैठक में कलेक्टर ने नक्शा सुधार, अमृत सरोवर को राजस्व अभिलेखों में दर्ज करने एवं डब्ल्यूआरडी के तहत बनाये गये पुल-पुलिया आदि के बारे में अवलोकन करने के निर्देश दिये। उन्होंने समस्त राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये कि वसूली के कार्य में तेजी लायें। यही सभी के लिये मौका है कि वसूली के लक्ष्य को पूर्ण किया जा सकता है।

**50 दिवस की सीएम हेल्पलाइन प्राथमिकता से निराकृत करें**

कलेक्टर ने कहा कि पिछले दो माह से जिले की सीएम हेल्पलाइन में प्रगति ठीक नहीं आ रही है। जिला लगातार बॉटम 5 में पहुंच रहा है।उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारी 50 दिवस की सीएम हेल्पलाइन पर ध्यान नहीं देंगे तब तक इस आंकड़े में सुधार नहीं होगा। उन्होंने कहा कि 50 दिवस की लक्ष्य अनुसार अंबाह की 1009, मुरैना की 909 और सबलगढ़ की 425 शिकायतें दिख रही हैं। जिले में कुल 3294 शिकायतों का फिगर दिख रहा है। इस आंकड़े को 19 जून तक 2000 तक लाने का प्रयास करें। सभी तहसीलदार ए ग्रेड में आने चाहिये।

**समस्त एसडीएम अपने अपने क्षेत्र में ट्रेफिक व्यवस्था सुधारें**

कलेक्टर ने समस्त एसडीएम को निर्देश दिये कि अपने अपने क्षेत्र में ट्रेफिक व्यवस्था सुधारें इसके लिये पुलिस फोर्स भी उपलब्ध रहेगा। उन्होंने अंबाह, मुरैना, जौरा और सबलगढ़ से वन टू वन ट्रेफिक के बारे में विस्तार से चर्चा की। कलेक्टर ने कहा कि सर्विस रोड पर भी अतिक्रमण हटायें। इसके लिये आवश्यकता हो तो मैं और पुलिस अधीक्षक भी मौके पर उपस्थित रहेंगे। कलेक्टर ने एसडीएम मुरैना को निर्देश दिये कि नगर निगम के सहयोग से मुरैना शहर में अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलायें। ठेलों को शिफटिंग करने की प्लानिंग कराई जाये। इसके लिये ट्रेफिक व्यवस्था का भी सहयोग लिया जाये। कलेक्टर ने कहा कि बरसात को ध्यान में रखते हुये अपने-अपने क्षेत्रों में नगरीय निकायों के माध्यम से नाले-नालियों की साफ-सफाई करायें ताकि पानी जमा न हो सके। उन्होंने कहा कि पिछले दो तीन साल में तीन से पांच वर्षों में उन गांवों को चिन्हित करें जहां विभिन्न प्रकार की बीमारियां फैली हुई थीं वहां ग्रामीणों के बीच बैठकर चौपाल लगायें, साफ-सफाई के महत्व को समझायें, पंचायत के माध्यम से सफाई अभियान चलायें, स्वास्थ्य विभाग की टीम के माध्यम से दवाईयों को छिड़काव करायें।

**बाढ़ प्रभावित 89 गांव में अधिकारियों को मोबाइल नंबर अंकित करायें**

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये कि पिछले वर्षों में चंबल व अन्य नदियों से 89 गांव बाढ़ की चपेट में आये थे। उन गांवों को अभी से चिन्हित करके अधिकारियों के मोबाइल नंबर अंकित करायें जिसमें पंचायत सचिव, जीआरएस, तहसील कंट्रोल रूम, संबंधित थाने का नंबर, स्वास्थ्य कर्मचारी का नंबर, पटवारी का नंबर, तहसीलदार का नंबर अंकित होना चाहिये। इस प्रकार के लिखावट किये हुये फोटोग्राफ अपने-अपने पास मंगवाया जाना सुनिश्चित करें।

# जिले की 18 बसाहटों में 15 जून से 30 जून तक शिविरों की तिथि निर्धारित

**मुरैना,कांस।** भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय के आदेशानुसार पीएम जन-मन के तहत विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिये अद्योसंरचनात्मक विकास एवं सामाजिक आर्थिक पिछड़ापन को दूर करने के लिए जिले की पीव्हीजीटी 18 बसाहटों में विभिन्न विभागों के कार्यो के अभिशरण एवं स्वीकृत कार्यो के क्रियान्वयन, पर्यवेक्षण की कार्यवाही की जाना है। इस संबंध में कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के नेतृत्व में सामाजिक न्याय विभाग ने निर्धारित 15 जून से 30 जून तक विकासखण्ड त पहाडगढ़, सबलगढ़ और कैलारस के ग्रामों में शिविरों का आयोजन किया जाना है, जिनमें शासन द्वारा संचालित समस्त योजनाओं का मौके पर लाभ प्रदाय एवं समस्याओं का तत्परता से निराकरण किया जाना है। शिविर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी जिला मुरैना को निर्देशित किया है कि 15 जून से 30 जून तक कैलेण्डर के अनुसार प्रातः 11 से 5 बजे तक संबंधित ग्राम पंचायत शासकीय भवन में उपस्थित रहकर जानकारी संकलित ग्रामीणों को करावेंगे। संबंधित शिविर के नोडल संबंधित विकासखण्ड के जनपद सीईओ रहेंगे। जिसमें पहाडगढ़ विकासखण्ड के ग्राम देवगढ़ में 15 जून को, निचली बहराई, बघेवर में 17 जून को, कनहरपुर, पहाडगढ़, खडरियापुरा में 19 जून को, मरा, मानपुर में 21 जून को, जोगी पुरा, कालाखेत में 23 जून को, जडेरू, धोबिनी में 25 जून को, धौंधा, बस्को में 26 जून को और गेहतोली, खोरी में 27 जून को शिविर आयोजित किये जायेंगें। इसी प्रकार सबलगढ़ विकासखण्ड के ग्राम सिंगारदेह में 28 जून को और कैलारस के ग्राम रामपुर-मानगढ़ में 30 जून को शिविर आयोजित किये जायेंगे। इन शिविरों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उत्तरदायी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, आधार कार्ड के लिए ई-गर्वेनेंस, अन्य योजना और उज्जवला योजना के लिए खाद्य विभाग और जनपद पंचायत, आयुष्मान योजना के लिए स्वास्थ्य विभाग, किसान सम्मान निधि के लिए कृषि विभाग, किसान क्रेडिट कार्ड, जन-धन खाते और प्रधानमंत्री योजनाओं के लिए अग्रणी बैंक, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के लिए महिला बाल विकास, जाति प्रमाण-पत्र के लिए राजस्व अधिकारी, राशन कार्ड एवं सभी हितग्राहियों मूलक योजनाओं के लिए जनपद पंचायत उत्तरदायी रहेंगे।

# जिले में मत्स्याखेट, मत्स्य क्रय-विक्रय पर 16 जून से 15 अगस्त तक प्रतिबंध

**मुरैना,कांस।** वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि प्रजनन के दृष्टिगत रखते हुये और उन्हें संरक्षण देने के लिए राज्य के सभी प्रकार के जल संसाधनों में जहां पर मत्स्य प्रजनन की संभावना को देखते हुये कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम-1948 के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त 2025 तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) के रूप में अधिघोषित किया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार अधिनियम-1981 के तहत उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष का कारावास या 5000 रूपये जुर्माना या दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान है। जारी आदेशानुसार छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी, नालों से नहीं है, और जिन्हें निर्दिष्ट जल की परिभाषा के अंतर्गत नहीं लाया गया है, को छोड़कर समस्त नदियों व जलाशयों में बंद ऋतु में मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इस अवधि में किसी प्रकार का मत्स्याखेट, मत्स्य परिवहन, मत्स्य क्रय-विक्रय न तो स्वयं करें और न ही इस कार्य में अन्य किसी को सहयोग दें।

# उर्वरक गुण नियंत्रण के लिये कृषि विभाग ने अधिकारियों का दल गठित किया

## उर्वरक गुण नियंत्रण के अंतर्गत 10 जून से 10 अगस्त करने के लिये चलेगा सघन अभियान

**मुरैना,कांस।** प्रदेश में खरीफ-2025 में 10 जून, 2025 से 10 अगस्त, 2025 तक उर्वरक गुण नियंत्रण अंर्तगत सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के प्रभावी संचालन हेतु जिला स्तर से एक सहायक संचालक कृषि, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी तथा संबंधित विकासखण्ड से वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी/कृषि विकास अधिकारी का दल का गठन करने के निर्देश दिये गये हैं। निर्देशों के तहत कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के मार्गदर्शन में उपसंचालक कृषि श्री पीसी पटेल के नेतृत्व में दल गठित किया गया है जिसमें प्रभारी अधिकारी सहायक संचालक अनंत बिहारी सडैया सहायक के रूप में संबंधित विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जिला परामर्शदाता और कृषि विस्तार अधिकारी दल में रहेंगे।

**दल उर्वरक गुणवत्ता नियंत्रण का इस प्रकार करेंगे निरीक्षण**

उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 के तहत निहित प्रावधानों के अनुसार नमूने लिये जाये, सीधे सूर्य के प्रकाश, बारिश के स्थान से सैम्पलिंग न करें, सैम्पलिंग उपकरण पूरी तरह साफ हों, अधिक ऊंचाई तक स्टेकिंग में सभी दिशाओं से तथा विभिन्न परतों से संभावित बैग्स का चयन करें। एक ही ग्रेड के विभिन्न निर्माताओं के उर्वरकों का आपस में मिश्रण न करें। एक ही निर्माता तथा एक ही ग्रेड परंतु अलग-अलग बैच के उर्वरकों को आपस में मिश्रित न करें। जैव उर्वरक के नमूने हेतु मूल पैकेट को, मूल रूप में बिना खोले निर्मता/विक्रेता कंपनी की पहचान छुपाते हुए प्रयोगशाला को भेजा जाये। प्रत्येक प्रकार के जैव उर्वरकों का बैचवार, लॉटवार नमूने लिए जावें, जिलें में उपलब्ध सभी उर्वरकों (रासायनिक, मिश्रित उर्वरक, माईक्रोन्यूट्रियेंट, जैव उर्वरक, कार्बनिक उर्वरक, आदि) के नमूने समस्त निर्माण ईकाईयों, भण्डारण केंद्रो तथा विक्रय केंद्रो का निरीक्षण कर लिये जावे। नमूना लेने के समय उर्वरक स्कंध की मात्रा, बैच नंबर/लॉट नंबर आदि का रिकार्ड रखा जाना चाहिए।

# समाजसेवियों द्वारा किया गया शीतल जल सेवा सेवार्थियों का सम्मान



**मुरैना,कांस।** भारत स्काउट गाइड जिला संघ मुरैना द्वारा संचालित रेलवे स्टेशन मुरैना पर शीतल जन सेवा शिविर में भाग लेने वाले से सेवार्थियों का समाजसेवी गोल्डी तोमर,गुड्डू खान, रामनरेश डडोतिया अध्यक्ष तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ जिला मुरैना द्वारा रेलवे स्टेशन अधीक्षक श्री आरसी मीणा की अध्यक्षता में सम्मान किया गया। उक्त समाजसेवियों द्वारा रेलवे स्टेशन पहुंचकर वहां पर सेवा देने वाले लगभग 45 से सेवार्थियों को पुष्प माला पहनकर, इस भीषण गर्मी में राहत के लिए साफी वितरित की गई और उनको नास्ता कराया गया। इस अवसर पर बोलते हुए श्री रामनरेश दंडोतिया ने कहा कि एक भीषण गर्मी में सेवा कार्य करने वाले जितने भी सेवार्थी है वह बधाई के पात्र हैं मैं ठाकुर जी से विनम्र प्रार्थना करता हूं कि इस सेवा का फल उन्हें निश्चित रूप से प्रदाय करेंगे, इसके साथ ही गुड्डू खान द्वारा कहा गया कि आज इस गर्मी में जब व्यक्ति एसी और कूलर में घर में सो रहे हैं उस समय इस शीतल जल सेवा पर प्रत्येक सेवार्थी ट्रेन की प्रत्येक बोगी पर में दौड़-दौड़ कर पानी पिलाने वाले बधाई के पात्र हैं यही नहीं यह सभी कार्यकर्ता के द्वारा जो सेवा कार्य किया जा रहा है उसकी प्रशंसा पूरे देश में हो रही है कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉक्टर राकेश कुमार शर्मा ने कहा कि आज के इस अवसर पर यहां पर उपस्थित हम सभी लोगों के बीच में आकर आप लोगों ने जो सम्मान दिया है वह आपका बड़प्पन है और हम इसे हमेशा याद रखेंगे। सेवा करने वालों में सिविल संचालक से सीताराम गुर्जर, लाखन सिंह गुर्जर, जिला सचिव शेखर यादव,दिलीप, महेश, अशोक सिंह, सोवरन,बनवारी, हरिओम तिवारी,राधेश्याम शर्मा, नितीश बंसल , सुरेंद्र दंडोतिया,दीपक भोला, महेंद्र दंडोतिया, नत्थीलाल पाठक, ऋषभ जैन,भूपेंद्र राजोरिया, आरके शर्मा आदि उपस्थित रहे विशेष रूप से ऑल इंडिया एन पी एस एंप्लॉयज फेडरेशन के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी श्री जनक सिंह रावत की उपस्थिति रही।

# बाल श्रम निषेध दिवस पर कार्यशाला संपन्न



**मुरैना,कांस।** शासन के निर्देशानुसार विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर बाल श्रम उन्मूलन के संबंध में जिला मुख्यालय मुरैना पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष पूनम डंडोतिया के नेतृत्व में की गई। कार्यशाला में श्रम अधिकारी सुश्री नम्रता सोनी, महिला बाल विकास विभाग, स्पेशल जुबेनाइल पुलिस यूनिट के सदस्य, चंदन वसुंधरा ग्राम उत्थान एवं सहभागी ग्रामीण विकास समिति एनजीओ, बाल ग्रह, श्रम विभाग, के सदस्यगण एवं विभिन्न स्थापनाओं और संस्थानों के नियोजक इत्यादि पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बाल श्रम निषेध अधिनियम के प्रावधानों, बाल श्रम से संबंधित जिले की स्थिति एवं अपने अनुभव और कार्य में आने वाली चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा हुई। इसके साथ ही बाल श्रम अपराध है, के प्रचार-प्रसार हेतु स्टीकर कार्यशाला में उपस्थित सदस्यों को प्रदान किए गए। श्रम विभाग मुरैना द्वारा ई-रिक्शा, बस स्टैंड पर बसों, दुकानों पर अधिनियम की धारा 12 के अनुसार प्रावधानों से संबंधित स्टीकर लगाए गए। बाल श्रम के विरुद्ध जागरूकता का प्रयास किया गया। साथ ही विभिन्न दुकानों पर जाकर अपने पैकिंग बैग पर ÷बाल श्रम अपराध है÷ छपवाने एवं बल श्रम के विरुद्ध मुहिम का हिस्सा बनने हेतु प्रेरित किया।

# पत्रकार संजय डंडोतिया की माताजी का निधन, शोक की लहर



**मुरैना,कांस।** पत्रकार संजय डंडोतिया की पूज्यनीय माताजी श्रीमती श्रीमती रामप्यारी देवी का गत 8 जून, 2025, रविवार शाम लगभग 4:30 बजे स्वर्गवास हो गया। वे लगभग 80 वर्ष की थीं। उनके निधन से पत्रकारिता जगत और मुरैना शहर में शोक की लहर छा गई है। श्रीमती डंडोतिया अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनके निधन से डंडोतिया परिवार को गहरा आघात लगा है। दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिवार को इस दुख की घड़ी में शक्ति प्रदान करने हेतु शोक संवेदना बैठकें प्रतिदिन उनके निज निवास डॉ. प्रेमी नर्सिंग होम के पास, किंडर जॉय स्कूल, पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, मुरैना पर रखी गई हैं। इस दुखद घड़ी में संजय डंडोतिया और उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की जा रही हैं।

**In The Court 0f Abhishek Singh, I Additional Motor Accident Claims Tribunal Civil Court Ambah District Morena [ M.P.]**

**Presiding Officer; अभिषेक सिंह**

( आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु )

**[ MACC/ 0000028 / 2024 ]**

गजेन्द्र सिंह तोमर......................वादी

V/S

सुनील सिंह सिकरवार..............प्रतिवादी

**Process ID - 2025**

पेशी दिनांकः- 24/07/2025

प्रेषितीः

(1)ब्रजेश कुमार शर्मा पिता सरमन शर्मा पता- निवासी 119 वीं इन्द्रानगर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश

यह कि प्रार्थी गजेन्द्र सिंह तोमर ने आपके विरूद्ध धारा 166 व 140 मोटर व्हीकल एक्ट के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात/हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्धारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नही होगें तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 31 उंल 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

**न्यायाधीश**
**(अभिषेक सिंह)**
**प्रथम जिला न्यायाधीश**
**अम्बाह, जिला मुरैना (म.प्र.)**

# केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

**ग्वालियर,नसं.।**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पार्टी के वरिष्ठ नेता, महाराष्ट्र के सह प्रभारी व पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया, सांसद भारत सिंह कुशवाह एवं जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया ने गुरुवार को विक्टोरिया मार्केट के बाहर, महाराज बाड़े पर सेवा, सुशासन और गरीब–कल्याण को समर्पित य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों के कार्यकाल में विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के संकल्प पर आधारित प्रदर्शनी का दीप प्रज्जवलित कर उदघाटन कर अवलोकन किया।



इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष अभय चौधरी, कमल माखीजानी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य मुरैना प्रभारी जयसिंह कुशवाह, श्रीमती सुमन शर्मा, राकेश माहौर, डॉ अरविंद राय, किशन मुद्गल, आशोक शर्मा, आशीष प्रताप सिंह राठौड, राजेश दुबे, वरिष्ठ नेता रविंद्र सिंह राजपूत, संकल्प से सिद्धि के प्रभारी एवं जिला महामंत्री विनय जैन, शसह प्रभारी दारासिंह सेंगर, आकाश श्रीवास्तव, महामंत्री विनोद शर्मा, राजू पलैया, राजू सेंगर, सुधीर गुप्ता, केशव माझी, उदय अग्रवाल, धर्मेंद्र सिंह कुशवाह, नवीन परांडे, महेंद्र सोलंकी, डॉ. कुलदीप चतुवेर्दी, शैली शर्मा, राजेंद्र जैन, सुघर सिंह पवैया, जिला मीडिया प्रभारी नवीन चौधरी, संतोष गोडयाले, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती नीलिमा शिंदे, गिर्राज व्यास, सतीश वोहरे, अनिल सांखला, मंडल अध्यक्ष सतपाल यादव, विनय शर्मा, अमर कुटे, महेश भदोरिया, अरुण वाजपेई, प्रमोद खंडेलवाल, श्रीचंद्र प्रकाश खंडेलवाल गौरव कुलश्रेष्ठ, विपुल जैन, गौरव बाजपेई, भारत शाक्य, श्रीमती गिरजा गर्ग जाटव, श्रीमती शकुंतला परिहार, विक्की शर्मा, सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कोतवाली पुलिस ने 4 आरोपियो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की गई 18 मोटर साइकिलें जब्त की

**मुरैना,कांस।** पुलिस अधीक्षक श्री समीर सौरभ (भापुसे) द्वारा जिले में घटित वाहन चोरियों की घटनाओं की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए दो पहिया वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने, अज्ञात आरोपियों की धरपकड एवं चोरी किए गए माल-मशरूका की बरामदगी हेतु जिले के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया जाकर विशेष अभियान संचालित कराया जा रहा है।




उक्त निर्देशों के तारतम्य में अति. पुलिस अधीक्षक श्री सुरेन्द्र पाल सिंह डावर के निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती दीपाली चंदौरिया के मार्गदर्शन में कार्य. निरी दीपेन्द्र सिंह यादव, थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा दिनांक 11.06.25 को गल्ला मण्डी मुरैना से 04 आरोपियो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की गई 18 मोटर साइकिलें कीमती करीबन 13 लाख रूपये की बरामद करने में सफलता हांसिल की गई। दिनांक 11.06.25 को थाना कोतवाली में प्राप्त हुई मुखबिर सूचना पर से उनि. शिवम सिंह चौहान एवं हमराही फोर्स के साथ रवाना होकर गल्ला मण्डी मुरैना टंकी के सामने पहुंचे तो मुखीबर द्वारा बताये हुलिये के 04 व्यक्ति 02 मोटर साइकिलो के साथ मिले जिनसे उनके कब्जे बाली 02 मोटर साइकिलों के बैध कागजात मांगे तो न होना बताया हिकमतेअमली से पूछे जाने पर उक्त मोटर साईकिले चोरी कर लाना एवं बेचने की फिराक में खड़े होना बताया। साथ ही आरोपियो द्वारा बताये स्थान कब्जे से सिकरौदा पुल (जौरा) के पास खाली खेत से 12 मोटर साईकिल एवं 04 मोटर साईकिल मुरैना से बरामद कर जब्त की गई। इस प्रकार कुल 18 चारी की मोटर साईकिल आरोपीगण के कब्जे से बरामद की गई है। जो आरोपियो द्वारा ग्वालियर, सबलगढ, जौरा एवं मुरैना शहर से चोरी करना बताया गया। उक्त आपराधिक कृत्य पर से आरोपीगण के विरूद्ध अपराध कमांक 348/25 घारा 303(2). 317(3), 317(4),317 (5), 3 (5) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# जल संरक्षण की दिशा में जल गंगा संवर्धन अभियान मध्यप्रदेश सरकार की महत्त्वपूर्ण पहल : मुख्यमंत्री

## नदियाँ हो रही हैं पुनर्जीवित, जल संरक्षण में शासन और समाज की सहभागिता

**भोपाल ब्यूरो।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जल संरक्षण की दिशा में जल गंगा संवर्धन अभियान मध्यप्रदेश सरकार की महत्त्वपूर्ण पहल है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में यह अभियान 30 मार्च से 30 जून तक संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य नदियों, जल स्त्रोतों और वेटलैण्ड्स का संरक्षण व पुनर्जीवन है। शासन और समाज के समन्वित प्रयासों से इस अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।




घोड़ा पछाड़ नदी पुनर्जीवित, अन्य सहायक नदियाँ भी प्रवहमान

खण्डवा जिले में आम नागरिकों और प्रशासन के सहयोग से नर्मदा की सहायक घोड़ा पछाड़ नदी को पुनर्जीवित किया गया है। अंधाधुंध भू-जल दोहन के कारण यह नदी और आसपास की कई छोटी नदियाँ सूख चुकी थीं, जिससे खेती-किसानी प्रभावित हो रही थी। रिज टू वैली सिद्धांत पर आधारित जल संरचनाओं के निर्माण से लगभग 33 किलोमीटर क्षेत्र में जल संचय किया गया। परिणामस्वरूप घोड़ा पछाड़ नदी में फिर से जल प्रवाह शुरू हो गया है, जिससे वर्ष भर इन नदियों के प्रवहमान रहने की संभावनाएं बनी हैं।

### राज्य की नदियों का सर्वेक्षण और जल शोधन संयंत्रों की स्थापना

मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा नर्मदा, चंबल, क्षिप्रा, बेतवा, सोन, टोंस, ताप्ती, कान्ह, माही, सिंध, और बेनगंगा सहित प्रमुख नदियों का सर्वेक्षण किया गया। अध्ययन में पाया गया कि 158 नालों से प्रतिदिन लगभग 450 मिलियन लीटर घरेलू अपशिष्ट जल सीधे इन नदियों में बहाया जा रहा है। इस स्थिति में सुधार के लिए नगरीय विकास विभाग द्वारा 869 मिलियन लीटर प्रतिदिन क्षमता के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स (STPs) की स्थापना की जा रही है।

# विधायक डॉ. सिकरवार ने विमान हादसे पर दुःख जताया



**ग्वालियर,नसं.।**

अहमदाबाद में हुये भीषण विमान हदासे में हुई जनहानि पर 16 ग्वालियर पूर्व से कांग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने शोक संवेदनायें व्यक्त करते हुये कहा कि हम पीडित परिवारों के साथ है और ईश्वर पीडित परिवारों को इस दुख: की घड़ी में शक्ति दे। इसके साथ ही सरकार पीडित परिवारों को हर संभव मदद दे। उन्होंने घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया है।

# बाबा साहब की मूर्ति लगाने का विरोध आरएसएस समर्थक कर रहे हैं: गोविंद सिंह

**ग्वालियर नसं.।**

हाईकोर्ट परिसर में बाबा साहब अंबेडकर की मूर्ति लगाये जाने का विरोध आरएसएस के समर्थक लोग कर रहे है। जिस कारण प्रशासन द्वारा हाईकोर्ट परिसर से मूर्ति को हटा दिया गया। यह समस्त देश की जनता का अपमान है। कुछ अलग विचारधारा के लोगों ने संविधान की प्रतियां जलाई एवं अंबेडकर के पुतले जलाये। आज वही विचारधारा के लोग खुलेआम मूर्ति स्थापना का विरोध कर रहे है। कांग्रेस पार्टी इस कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करती है। यह बात कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री डा. गोविंद सिंह ने गुरूवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहीं।




डा. सिंह ने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि हाईकोर्ट परिसर में बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित किये जाने की प्रक्रिया पूरी तरह से न्यायालय की अनुमति और विधि सम्मत कार्रवाई के अनुरूप पूरी हो चुकी है। इसके बाबजूद यदि किसी विशेष मानसिकता या राजनीतिक दबाब में आकर यह प्रक्रिया रोकी गई है तो यह बेहद गंभीर और चिंताजनक विषय है। उन्होंने कहा कि संविधान की रक्षा के लिये हम सामाजिक जनजागरण और राजनीतिक आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार और हाईकोर्ट प्रशासन शीघ्र ही मूर्ति स्थापना की तारीख तय करें। पत्रकारवार्ता में राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, विधायक डा. सतीश सिंह सिकरवार, विधायक साहब सिंह गुर्जर, डबरा विधायक सुरेश राजे, कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा. देवेन्द्र शर्मा, प्रवक्ता राम पाण्डे भी उपस्थित थे।

# जल ही जीवन है : जल की एक-एक बूंद बचाना सबकी जिम्मेदारी : उपमुख्यमंत्री

## जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम में हुए शामिल

**भोपाल ब्यूरो।**

उप मुख्यमंत्री एवं सागर ज़िले के प्रभारी मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि ऐतिहासिक मंदिरों के आस-पास नदी, तालाब, बावड़ी, कुआँ, आदि स्थापित जलस्रोत को संरक्षित करना हमारा कर्तव्य है। आज इनमें से कई जल स्रोत लगभग विलुप्त होने की कगार पर हैं और अत्यधिक प्रदूषित भी हैं। जल जीवन का अभिन्न घटक है और इसकी प्रत्येक बूंद को बचाना हमारी आवश्यकता और जिम्मेदारी है। हर तरह के जल स्रोत का संरक्षण हम सबको करना चाहिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने जल गंगा संवर्धन अभियान में सागर के भूतेश्वर मंदिर प्रांगण में जनप्रतिनिधियों के साथ प्राचीन जलस्रोत की साफ-सफाई कार्य में



सहभागिता की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने भूतेश्वर मंदिर में बने प्राचीन बावड़ी कुआँ से कचरा निकाल कर सफाई एवं जीर्णोद्धार अभियान प्रारम्भ किया। उन्होंने प्रांगण के विकास कार्यों की जानकारी ली और कहा कि प्राचीन सिद्ध स्थलों व मंदिरों का संरक्षण महत्वपूर्ण है।


**उत्तर मध्य रेलवे**

पत्रांक: झाँसी/एरा/106/प्रेस विज्ञप्ति — दिनांक: 09.06.2025

**सार्वजनिक अधिसूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झांसी मंडल के बरुआसागर-टेहरका खंड के 2nd लाइन विद्युतीकरण के सम्बंध में दिनांक 11.06.2025 को PCEE/NCR का निरीक्षण एवं 12.06.2025 तथा 13.06.2025 को रेल सुरक्षा आयुक्त पूर्वोत्तर परिमंडल लखनऊ द्वारा इस खंड में निरीक्षण एवं गति परीक्षण निरीक्षण के पश्चात् इस खंड की 2nd लाइन का विद्युतीकरण संचालित कर दिया जाएगा। अतः पास के सभी नागरिकों से अनुरोध है की विद्युत के तार और खम्भों से दूर रहें, रेल लाइन के आस-पास न बैठें, और न ही अनाधिकृत रूप से पार करें एवं अपने मवेशियों को रेल पटरी से दूर रखें। ऐसा करना रेलवे अधिनियम के अन्तर्गत दंडनीय अपराध है और इसके लिये जुर्माना व जेल अथवा दोनों हो सकते हैं।

वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी, उत्तर मध्य रेलवे, झाँसी

1005/25(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


# मेहरा व सिरोल मौजे में चला बुल्डोजर, 5 करोड़ कीमत की भूमि से हटाया अतिक्रमण

**ग्वालियर,नसं.।**

कलेक्टर के निर्देशन में राजस्व टीम, नगर निगम और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त रूप से हुरावली तथा सिरोल में दो जगह कार्यवाही कर लगभग 5 करोड़ रूपये कीमत की बेशकीमती जमीन को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराया है। इस कार्यवाही में प्रमुख रूप से नायब तहसीलदार सुरेश यादव, राजस्व निरीक्षक होतम सिंह जाटव, नगर निगम से भवन अधिकारी राकेश कश्यप, जेडओ तनुजा वर्मा एवं सिरोल थाना पुलिस बल मौजूद रहा।



राजस्व विभाग के अनुसार ग्राम मेहरा के सर्वे क्रमांक 726 में हुरावली निवासी श्रीमती राजकुमारी पत्नी मुलायम सिंह यादव के नाम पर मुरार नदी के पास जमीन है। इस जमीन पर मोटार कार गैरेज व भूषा भरकर व्यवसायिक गतिविधियां संचालित हो रही थी। जबकि नदी का वहाब क्षेत्र इससे प्रभावित होता है। आखिर एनजीटी नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल की गाइडलाइन के आधार पर सर्वे क्रमांक 726 में से रकबा 0.105 हैक्टेयर भूमि जिसका बाजार मूल्य लगभग 4 करोड़ रूपये है।

भूमि से अतिक्रमण हटाया गया। इसी तरह ग्राम सिरोल के शासकीय सर्वे नंबर 154 से भी अवैध अतिक्रमण हटाया गया। यहां भी अतिक्रमणकारी द्वारा मुरार नदी के बहाव क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण कर नदी को प्रभावित किया जा रहा था। जबकि एनजीटी के साफ नियम है कि बहाव क्षेत्र भले ही नदी या नाला का हो वहां निर्माण नहीं किया जा सकता है। इस कार्यवाही में पटवारी अजय राणा, श्रीमती ज्योति साहू, नीरज शर्मा, सिरोल थाना से गोविंद बल्लभ बगोली सहित निगम की मदाखलत टीम भी मौजूद रही।

# पी.जी. डिप्लोमा इन टीचिंग इंग्लिश पाठ्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित

**भोपाल ।** स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य शिक्षा केन्द्र अंतर्गत आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित एक वर्षीय सेवाकालीन प्रशिक्षण पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन टीचिंग इंग्लिश, पाठ्यक्रम का नवीन सत्र एक जुलाई, 2025 से भोपाल में प्रारंभ हो रहा है। वांछित योग्यता रखने वाले शिक्षक अपने आवेदन ऑनलाइन rsk.mponline.gov.in के माध्यम से 25 जून तक प्रेषित कर सकते हैं। इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को अंग्रेजी भाषा शिक्षण की नवीन पद्धतियों, नवाचारों व भाषा के विभिन्न कौशलों से अवगत कराया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद इन शिक्षकों को अपने विद्यालयों में बेहतर अंग्रेजी भाषा शिक्षण एवं विभिन्न स्तरों पर आवश्यकतानुसार शिक्षक प्रशिक्षण, पाठ्यपुस्तक लेखन एवं सामग्री निर्माण के कार्यों में भी नियोजित किया जाता है। प्रदेश के शासकीय माध्यमिक, उच्च माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ ऐसे योग्य व्याख्याता, उच्च श्रेणी शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक, जो न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों से अंग्रेजी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि रखते हों तथा जिनकी आयु एक जुलाई, 2025 को 50 वर्ष से अधिक न हो एवं जिनके पास कम से कम एक वर्ष का अंग्रेजी अध्यापन का अनुभव हो वह निर्धारित समयावधि में आवेदन कर सकते है।

# यकृत स्वस्थ तो जीवन स्वस्थ, यकृत की देखभाल को बनाएं प्राथमिकता : उपमुख्यमंत्री

## स्वस्थ यकृत मिशन को किया जाएगा और सशक्त

## अब तक 10 लाख से अधिक जांचें की गई

**भोपाल ब्यूरो।**



विकसित भारत के साथ-साथ स्वस्थ भारत का निर्माण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। यकृत स्वस्थ रहेगा, तो जीवन भी स्वस्थ रहेगा और जब जीवन स्वस्थ होगा, तब परिवार, समाज और पूरा प्रदेश भी स्वस्थ और सशक्त बनेगा। उक्त विचार उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने 'ग्लोबल फैटी लीवर दिवस' पर सागर से वीडियो कॉन्फ्रेंस से प्रदेश के सभी जिलों के स्वास्थ्य अधिकारियों एवं आशा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

# युक्तियुक्तकरण से राष्ट्रीय शिक्षा नीति का हो रहा पालन

## उरकुरा प्राथमिक स्कूल में समुचित शिक्षिकों की हुई नई पदस्थापना



**रायपुर,कासं.।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रदेश सहित जिलों में शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए युक्तियुक्तकरण किया गया है। जिले के उरकुरा स्कूल सहित आस पास के करीब आधे दर्जन से अधिक गांव के बच्चें शिक्षा प्राप्त करते है।

यहां स्कूली बच्चों की दर्ज संख्या 466 है। कुछ समय पहले यहां 8 शिक्षक थे। इतने शिक्षकों को शिक्षण कार्य में कठिनाई होती थी। युक्तियुक्तकरण के निर्देश के बाद समीक्षा करने पर यह समस्या पाई गई। इसके बाद प्रक्रिया पूर्ण कर 7 शिक्षकों की पदस्थापना की गई है। सभी शिक्षकों ने शाला में अपनी अधिकारिक रूप से अपना दायित्व संभाल लिया है। अब यहां पर बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई नही होगी और परिणाम भी अच्छा आएगा। शिक्षकों की उपलब्धता से न केवल पढ़ाई के स्तर पर सुधार होगा बल्कि विद्यार्थियों, अभिभावकों और ग्रामीणों में भी हर्ष का वातावरण व्याप्त होगा। युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के सफल क्रियान्वयन से यह स्पष्ट है कि छत्तीसगढ़ सरकार शिक्षा को लेकर गंभीर और प्रतिबद्ध है।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक रामविलास शर्मा द्वारा चम्बल प्रिंटिंग प्रेस इण्डस्ट्रीज एरिया बानमोर से मुद्रित व एस 12 द्वितीय तल रायल प्लाजा पुराने हाईकोर्ट के सामने ग्वालियर से प्रकाशित । प्रधान संपादक रामविलास शर्मा मोबा.- 9329077393
email-chambalsurkhi@yahoo.com आर.एन.आई. पंजीयन नं MPHIN/2007/20705 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना रहेगा। कानूनी सलाहकार युवराज कुलश्रेष्ठ एडवोकेट मो.9229842150 फोन- (07532)- 225779,9827679954